दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
रायपुर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2020, आश्विन शुक्ल पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-256 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

देशद्रोहियों के खिलाफ जिस कानून के तहत मुकदमा दर्ज नहीं हो सकता उस कानून का बोझ ढोने की जरूरत क्या है? देशद्रोह करने वालों को खुली छूट देनी चाहिए कि वे चाहे जो कहे और चाहे जो करें। यदि इस कानून को बनाए रखना है तो उसका उपयोग फौरन पेशेवर पाकिस्तान की महबूबा बन चुकी मुफ्तखोर महबूबा मुफ्ती के खिलाफ होना चाहिए। जिसने तिरंगे को लेकर फतवा जारी किया तो उसके गद्दार समर्थन तिरंगे के अपमान की जुर्रत करने लगे है। सरकार भले ही मूकदर्शक बन कर तमाशा देखती रहे लेकिन अब तिरंगे का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान।

विधानसभा का विशेष सत्र आज: सरकार को घेरने की बनी रणनीति

भाजपा विधायक दल की दोपहर को तो शाम को हुई कांग्रेस दल की बैठक

- कृषि मंडी संशोधन विधेयक का प्रारूप अनुमोदित
- सीएलपी कौशिक के निवास में बीजेपी एमएलए जुटे

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। मंगलवार 27 अक्टूबर को होने वाले छत्तीसगढ़ विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र का आगाज आज सोमवार को ही हो गया। राजधानी रायपुर में भाजपा और कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। दोपहर को नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के निवास में भाजपा के सभी विधायक जुटे। तय वक्त पर सरकार को सत्र के दौरान घेरने पर रणनीति बनी। इधर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार ने कई

नेताप्रतिपक्ष निवास में हुई भाजपा विधायक दल की बैठक

दूसरी ओर विधानसभा के विशेष सत्र में सरकार को घेरने के लिए बीजेपी भी रणनीति बनाने में जुटी हुई है। नेताप्रतिपक्ष निवास में बुलाई गई बीजेपी विधायक दल की बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। वहीं बैठक खत्म होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा कि सरकार के घेरने की रणनीति बनी है। सत्र के दौरान बीजेपी नेताओ ने केंद्र के कृषि कानून के पक्ष में बात रखने पर भी अहम जिम्मेदारियां दी गई हैं। बता दें कि कांग्रेस दो दिवसीय सत्र में केंद्र के कृषि कानून के खिलाफ ही नया कानून बनाने और धान खरीद व संशोधन कानून पर घेरने के लिए बीजेपी के दिग्गज नेता फुलप्रुफ हो गए हैं। कल सत्र के पहले दिन बीजेपी के सवालों, मुद्दों और दो सत्रों के बीच ऐसा कौन सा आपातकाल आ गया था कि विशेष सत्र आहुत किया गया इन सभी पर कांग्रेस व भूपेश सरकार को घेरा जाएगा।

अहम फैसले लिए। जिसमें सरकार को घेरने के वे सभी मुद्दों को ही कैबिनेट की बैठक में खत्म कर दिए गए ताकि बीजेपी कोई बवाल न मचा सके। केबिनेट की बैठक के बाद देर शाम कांग्रेस विधायक दल की भी गोपनीय बैठक हुई। जिसमें सभी मंत्रियों, विधायकों को बीजेपी के सवालों-जवाबों और उनकी घेरने वाली रणनीति से बचने के लिए एकजुट हो सामना ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए कई अहम फैसले

जल जीवन मिशन के सभी टेंडर रद्द, छग कृषि उपज मंडी बिल अनुमोदित

आज से शुरू हो रहे विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र में होगा पेश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य सरकार ने कैबिनेट बैठक में जलजीवन मिशन के सभी टेंडर निरस्त कर दिए हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी (संशोधन) विधेयक-2020 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। वहीं 1 नवंबर को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त भी दी किसानों के खाते में डाली जाएगी। उल्लेखनीय है कि जलजीवन मिशन के टेंडर बाहरी कंपनियों को दिए जाने के आरोप लग रहे थे। ये टेंडर करीब 10 हजार करोड़ रुपए के थे। बैठक के बाद इन सभी योजनाओं की जानकारी सरकार के प्रवक्ता तथा कृषिमंत्री रवींद्र चौबे ने दी। मंत्रिमंडल की बैठक के पहले सोमवार को स्थानीय ठेकेदार अपनी फरियाद लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यालय में यह बैठक हुई। मंत्रिमंडल की बैठक में कई अन्य निर्णय भी लिए गए। औद्योगिक नीति में भी बड़े बदलाव करने का फैसला लिया है। बैठक में छत्तीसगढ़ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किसानों के शोषण की आशंका, इसलिए विशेष सत्र : चौबे

छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी (संशोधन) विधेयक-2020 को लेकर कृषि मंत्री चौबे ने कहा कि यह विधेयक विशेष सत्र में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विशेष सत्र खासकर इसलिए बुलाया जा रहा है कि कुछ कानूनों से छत्तीसगढ़ के किसानों का शोषण व नुकसान होने की आशंका है। अभी धान खरीदी भी शुरू होने वाली है। धान खरीदी के साथ ही गरीबों को 1 रुपए प्रतिकिलो की दर से चावल देने की योजना प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त डाली जाएगी। इसके लिए कर्ज लेना पड़े तो लिया जाएगा।

केंद्र से मिली राशि के लिए हर कोई लड़ रहा यहां : डॉ.रमन सिंह

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आपात स्थिति में विशेष सत्र बुलाया जाता है। प्रदेश में ऐसी कौन सी आफत आ गई जो विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने जो कानून बनाए हैं, वे किसानों के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

टेंडर के जरिए भ्रष्टाचार ही इस सरकार की प्राथमिकता : कौशिक

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक का कहना है कि जल जीवन मिशन में गंभीर और घोर भ्रष्टाचार हुआ है। इसलिए ही इसे आनन-फानन में निरस्त कर दिया गया है। विकास लोगों की जरुरत है पर इस सरकार की कोई प्राथमिकता नहीं है। बस कैसे टेंडर के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंत्रिमंडल के अन्य फैसले

- औद्योगिक नीति 2019-24 में संशोधन के प्रस्ताव को अनुमति दी गई। जिसमें राज्य के वनोपज, हर्बल तथा वन पर आधारित अन्य उत्पादों का प्रसंस्करण, खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों के निर्माण और मूल्य संवर्धन के कार्य राज्य में ही किए जाने को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज का अनुमोदन किया गया। विशेष पैकेज के लिए लघु उद्योगों के द्वारा प्लांट एवं मशीनरी के अंतर्गत न्यूनतम 50 लाख तथा अधिकतम 5 करोड़ रूपए का निवेश किया जाना आवश्यक होगा।
- छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं प्रबंधन नियम-2015 में संशोधन का अनुमोदन किया गया। जिसमें उद्योग विभाग द्वारा संचालित औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत उपकेन्द्रों की स्थापना हेतु न्यूनतम आवश्यक भूमि का आबंटन एक रूपए प्रतीकात्मक प्रीमियम राशि (टोकन मनी) पर बिना किसी लीज रेंट, सिक्यूरिटी डिपॉजिट के भूमि का आबंटन किया जाएगा।
- छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं प्रबंधन नियम-2015 में संशोधन का अनुमोदन किया गया। जिसमें औद्योगिक भूमि, भवन, शेड, प्रकोष्ठ एवं लैण्ड बैंक से आबंटित भूमि का आबंटन पश्चात नियमन एवं प्रबंधन की कंडिका में संशोधन किया गया। छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं प्रबंधन नियम-2015 के अंतर्गत भूमि आबंटन प्राप्त करने वाले उद्योगों को नियमों में संशोधन करते हुए कोविड-19 एवं आर्थिक मंदी को ध्यान में रखते हुए जो प्रस्तावित उद्योग स्थापित नही हो सके हैं, उनके लिए एक वर्ष का अतिरिक्त समय प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।
- राज्य शासन द्वारा वर्ष 2012 में राज्य के ग्रामीण अंचलों के त्वरित एवं सर्वांगीण विकास की पूर्ति के लिए वर्तमान में विकास कार्यो की स्वीकृति के लिए गठित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के पुनर्गठन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- छत्तीसगढ़ आबकारी नीति वर्ष 2013-14 के क्रियान्वयन के संबंध में प्रदेश में नशा मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान हेतु छत्तीसगढ़ शराब व्यसन मुक्ति अभियान को समाज कल्याण विभाग को सौंपने का निर्णय लिया गया।

राज्य उत्सव के दिन मिलेगी न्याय योजना की तीसरी किश्त

■ **पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कसा तंज तो चौबे बोले कर्ज लेना होगा तो लेंगे**

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। भूपेश कैबिनेट की बैठक खत्म होने के बाद कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने मीडिया से चर्चा की। मंत्री ने कैबिनेट की बैठक में किए गए चर्चा की जानकारी दी। बताया कि छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए कृषि उपज मंडी विधेयक के प्रारूप पर चर्चा हुई जो कल विधानसभा में पेश किया जाएगा। इस दौरान मंत्री ने कहा कि 1 नवंबर को राज्य उत्सव के मौके पर प्रदेश के किसानों को किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त का भुगतान किया जाएगा। वहीं राहुल गांधी के राज्य अलंकरण समारोह में शामिल होने को लेकर मंत्री चौबे ने कहा कि कोरोना के चलते वे वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़ेंगे या फिर उनका स्वतः आगमन होगा अभी तक फायनल नहीं हुआ है।

कृषि मंडी विधेयक को लेकर कहा कि हमारा विधेयक केंद्र के कृषि संशोधन कानून का विरोध नहीं है। बल्कि किसानों के हित का विधेयक है। धान खरीदी को लेकर एक हजार करोड़ का ऋण लेने पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी ने किया इंडिया एनर्जी फोरम सेरावीक का उद्घाटन

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इंडिया एनर्जी फोरम सेरावीक का उद्घाटन किया। नीति आयोग के साथ पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इस वार्षिक बैठक का आयोजन किया था। इंडिया एनर्जी फोरम सेरावीक के उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने दुनिया की दिग्गज तेल और गैस कंपनियों के सीईओ के साथ बातचीत भी की। आईएचएस मार्किट इस कार्यक्रम का आयोजक है, जिसने बताया है कि ये कार्यक्रम 26 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री मोदी के अलावा पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, अमेरिका के ऊर्जा मंत्री डैन ब्रोइलेट, पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) के महासचिव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खास-खबर

कोयला घोटाला मामले में दिलीप राय को तीन साल की कैद

नई दिल्ली (वार्ता)। राजधानी दिल्ली की एक स्थानीय अदालत ने सोमवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिलीप राय को कोयला घोटाले में तीन साल कैद की सजा सुनायी। अदालत ने पूर्व मंत्री को 1999 के झारखंड कोयला घोटाले में तीन साल की जेल की सजा सुनाई। अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में राज्य मंत्री रहे श्री राय को इस महीने की शुरुआत में अन्य लोगों के साथ दोषी ठहराया गया था।

रिश्वत मामले में थाना प्रभारी सहित तीन निलंबित

कोंडागांव। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में रिश्वत लेने के मामले में पुलिस अधीक्षक ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी सहित तीन पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। तीनों को रक्षित आरक्षित केंद्र अटैच कर दिया गया है। वहीं थाने में नए प्रभारी की नियुक्ति कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार ग्राम मछली के रहने वाले लक्ष्मूराम नाग ने विश्रामपुर थाना में जनरेटर चोरी रिपोर्ट दर्ज कराने गया था। इस दौरान थाना प्रभारी भापेंद्र साहू ने एक लाख रूपए रिश्वत की मांग की थी। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से की थी।

मोदी आज करेंगे रेहड़ी दुकानदारों से संवाद

लखनऊ (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को पीएम स्वनिधि योजना के तहत उत्तर प्रदेश के रेहड़ी पटरी दुकानदारों से बातचीत करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा कोविड-19 महामारी से प्रभावित रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को पुनः आजीविका से जोड़ने के लिए पीएम स्वनिधि योजना एक जून को प्रारम्भ की गई थी।

अमेरिकी विदेश और रक्षा मंत्री टू प्लस टू संवाद के लिए भारत पहुंचे

नई दिल्ली (वार्ता)। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो और रक्षा मंत्री मार्क एस्पर विभिन्न 'द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों' पर तीसरे टू प्लस टू मंत्री स्तरीय संवाद में हिस्सा लेने के लिए आज यहां पहुंच गये। मंगलवार को होने वाले संवाद में समग्र वैश्विक सामरिक भागीदारी को मजबूत बनाने और हिन्द प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढाने पर विस्तार से चर्चा की जायेगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री डा एस जयशंकर इस संवाद में भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक वक्तव्य जारी कर

कहा, तीसरे संवाद के एजेन्डे में परस्पर महत्व के सभी द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। दोनों देशों के बीच पहला टू प्लस टू मंत्री स्तरीय संवाद यहां सितम्बर 2018 में जबकि दूसरा वाशिंगटन में 2019 में हुआ था। विदेश मंत्री पोम्पियो का श्रीलंका, मालदीव और इंडोनेशिया जाने का भी कार्यक्रम है। उन्होंने कहा, स्वतंत्र, मजबूत और समृद्ध राष्ट्रों वाले हिन्द प्रशांत क्षेत्र को मुक्त तथा खुला रखने के साझा विजन को बढावा देने के लिए अपने साझीदार के साथ बातचीत के अवसर के लिए आभारी हूं।

भारत और अमेरिका के रक्षा संबंधों में नयी मजबूती : राजनाथ

नई दिल्ली (वार्ता)। अमेरिका के रक्षा मंत्री डा़ मार्क एस्पर के साथ शिष्टमंडल स्तर की द्विपक्षीय वार्ता के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज कहा कि बातचीत सफल रही और इससे दोनों देशों के रक्षा संबंधों में नयी मजबूती आयेगी। श्री सिंह और डा एस्पर ने मंगलवार को यहां होने वाले महत्वपूर्ण टू प्लस टू संवाद से पहले आज यहां शिष्टमंडल स्तर की द्विपक्षीय वार्ता की। बातचीत के बाद श्री सिंह ने ट्विट कर कहा, भारत रक्षा मंत्री डा मार्क एस्पर की मेजबानी कर प्रसन्न है। आज की हमारी बातचीत फलदायी रही और इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाना है।

विरोधियों के खिलाफ संस्थाओं का इस्तेमाल कर रही है सरकार

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर तीखा हमला करते हुए उस पर लोकतांत्रिक संगठनों का दुरुपयोग करने का सोमवार को आरोप लगाते हुए कहा कि वह संस्थाओं के माध्यम से विरोधियों की आवाज़ दबाने का काम कर रही है।

श्रीमती गांधी ने आज एक अंग्रेजी दैनिक में प्रकाशित अपने लेख में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार लोकतंत्र के स्तंभो पर हमले कर उनको विकृत करने में जुटी है और लोकतंत्र को मजबूत करने वाले प्रत्येक संस्थान का इस्तेमाल

विपक्ष पर हमले के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र खतरे में आ गया है। देश की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में फंस गई है और सरकार इससे उबरने के प्रयास करने की बजाय लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विरोधियों पर हमला कर रही है।

नेहरु-गांधी परिवार ने कभी भी प्रधानमंत्री कार्यालय का सम्मान नहीं किया : नड्डा

नई दिल्ली(वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस और गांधी परिवार की आलोचना करते हुए कहा है कि पंजाब में राहुल गांधी की ओर से निर्देशित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला जलाने का नाटक शर्मनाक है। श्री नड्डा ने सोमवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि ऐसा नाटक अप्रत्याशित नहीं है क्योंकि नेहरु गांधी राजवंश ने कभी भी प्रधानमंत्री कार्यालय का सम्मान नहीं किया है।

अच्छी खबर — कोरोना के कुल 6,53,717 सक्रिय मामले हैं और अब तक 70.37 लाख से अधिक लोग मात दे चुके

25 राज्यों-केन्द्र शासित प्रदेशों में कोरोना के सक्रिय मामलों में कमी

नई दिल्ली(वार्ता)। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान दस राज्यों को छोड़कर शेष सभी 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) के सक्रिय मामले घटे हैं। आज यहां जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान कर्नाटक में सबसे अधिक 5699 , असम में 2761 और तमिलनाडु में 1181 सक्रिय मामले घटे हैं जबकि महाराष्ट्र दिल्ली, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, अंडमान निकोबार द्वीप समूह और दादर एवं नागर हवेली एवं दमन द्वीव में कोरोना के सक्रिय मामले बढ़े हैं।

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान देश में कोरोना के 45,149 नये मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 79,09,960 हो गयी है। देश में वर्तमान में कोरोना के कुल 6,53,717 सक्रिय मामले हैं और अब तक 70.37 लाख से अधिक लोग इस महामारी को मात दे चुके हैं। कोरोना से अबतक 1,19,014 लोगों की मौत भी हो गई हैं।

बुजुर्गों और वयस्कों दोनों पर कारगर है ऑक्सफोर्ड की कोरोना वैक्सीन

नई दिल्ली/लंदन (वार्ता)। *दुनिया भर में कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण के कारण मचे कोहराम के बीच एक अच्छी खबर यह है कि ब्रिटेन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और दवा कंपनी एस्ट्राजेनेका द्वारा विकसित की जा रही कोरोना वैक्सीन बुजुर्गों और वयस्कों दोनों पर अच्छा असर दिखा रही है। विदेशी मीडिया में आयी रिपोर्ट के मुताबिक, ऑक्सफोर्ड की कोरोना वैक्सीन देने के बाद बुजुर्गों में एंटीबॉडीज और टी सेल बने, जो कोरोना वायरस को मात देने में व्यक्ति को सक्षम बनाते हैं। कोरोना वैक्सीन के परीक्षण में शामिल बुजुर्ग वालंटियर्स की गत जुलाई में जारी ब्लड रिपोर्ट के आंकड़ों के विश्लेषण से यह तथ्य सामने आया है कि वैक्सीन देने के बाद उनमें अच्छी खासी मात्रा में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित हुई है।*

इसके अलावा 18 से 55 साल की आयुवर्ग के वॉलंटियर्स में भी इसका अच्छा प्रभाव दिखा। एस्ट्राजेनेका ने आज कहा कि यह उत्साहवर्द्धक है कि बुजुर्गों और वयस्कों दोनों में कोरोना वायरस के खिलाफ अच्छी प्रतिरोधक क्षमता विकसित हुई और बुजुर्गों पर इस वैक्सीन का दुष्प्रभाव कम देखा गया। यह आंकड़ा हमारी कंपनी के कोरोना वैक्सीन की सुरक्षा और प्रभावोत्पादकता को दर्शाता है। यह रिपोर्ट जल्द ही मेडिकल पत्रिका में प्रकाशित होगी।

तिरंगे पर मुफ्ती के बयान से 3 नेता नाराज, दिया इस्तीफा

पीडीपी के तीन नेताओं टी.एस. बाजवा, वेद महाजन और हुसैन ए वफा ने पार्टी से दिया इस्तीफा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती का तिरंगे को लेकर विवादित बयान देना भारी पड़ रहा है। सोमवार को महबूबा मुफ्ती के बयान से नाराज उनकी ही पार्टी के तीन नेताओं ने इस्तीफा दे दिया। पीडीपी से इस्तीफा देने वाले तीन नेताओं टी.एस. बाजवा, वेद महाजन और हुसैन ए वफ़ा ने महबूबा मुफ्ती को पत्र भी लिखा है, जिसमें उनके बयान पर नाराजगी जताई गई है। महबूबा मुफ्ती ने हाल में कहा था कि जब तक घाटी में आर्टिकल 370 के निरस्त प्रावधान दोबारा लागू नहीं हो जाते, वह कोई भी झंडा नहीं थामेंगी। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती को लिखे पत्र में टी.एस. बाजवा, वेद महाजन और हुसैन ए वफ़ा ने कहा कि वे उनके कुछ कामों और बयानों, विशेष रूप से जो देशभक्ति की भावनाओं को आहत करते हैं, की वजह से असहज महसूस कर रहे हैं।'

न्यूज गैलरी

76 ने किया पंजीयन

भिलाई। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लेने 76 लोगों ने पंजीयन कराया। शिविर को लेकर पहले दिन ही संगठित, असंगठित एवं भवन व अन्य संनिर्माण कर्मकारो में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण के लिए अनिवार्य रूप से पंजीयन कराया जाना आवश्यक है। शिविर का आयोजन 26 से 30 अक्टूबर तक किया गया है। महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव तथा निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने शिविर में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि अधिक से अधिक लोगों को मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना से जोड़ने के लिए संगठित एवं असंगठित कर्मकार का पंजीयन करावे।

राशि राजसात

दुर्ग। निगम से निविदा लेने के बाद विकास और व्यवस्था का कार्य नहीं किये जाने के कारण मेसर्स यश इनफ्राक्टचर गंजपारा के निविदा को निगम द्वारा निरस्त कर निविदा के समय जमा की गई अमानत राशि 17900 को राजसात कर निगम कोष में जमा कर दिया गया। मेसर्स यश इनफ्राक्टचर द्वारा सांईस कालेज में नये एवं पुराने भवन में पेयजल व्यवस्था के कार्य के लिए निविदा लिया था। उपरोक्त कार्य हेतु अनुबंध कार्य हेतु सौ का स्टाम्प तथा निविदा दर की अंतर राशि 159311 रु. का एफडीआर प्रस्तुत करने निर्देशित किया। निर्धारित समय तक दस्तावेज व अंतर की राशि जमा नहीं किया गया।

सप्ताह के स्टेट सर्वे में होम आइसोलेशन फीडबैक में दुर्ग नंबर वन

डॉ. रश्मि भूरे के नियमित रूप से मेडिकल सुपरविजन के मामले में अग्रणी रहने से मिली शानदार सफलता

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। होम आइसोलेशन के दुर्ग माडल ने इस सप्ताह हेल्थ डिपार्टमेंट के फीडबैक सर्वे में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। फीडबैक सर्वे में 91 प्रतिशत स्कोर दुर्ग जिले को प्राप्त हुआ है। 85 प्रतिशत से अधिक स्कोर फीडबैक के लिए शानदार माना जाता हऐ यहां स्कोर छह प्रतिशत अधिक होने के कारण दुर्ग का होम आइसोलेशन माडल काफी बेहतर तरीके से काम करता प्रतीत हो रहा है। फीडबैक की रैंकिंग में मेडिकल सुपरविजन के संबंध में 452 लोगों से थर्ड पार्टी ने फालोअप लिया। सभी पैरामीटर में दुर्ग जिले की रैंकिंग बहुत अच्छी रही।

उल्लेखनीय है कि यहां होम आइसोलेशन मैनेजमेंट के अंतर्गत लगभग 8000 मरीज थे। इन सभी के मेडिकल पैरामीटर देखना और उसके मुताबिक इनकी दवाइयां एवं ट्रीटमेंट का फालोअप करनाए काउंसिलिंग करना और जरूरी पड़ने पर इन्हें बिल्कुल समय गंवाये रिफर करना बड़ा काम था। होम आइसोलेशन कंट्रोल रूप में मेडिकल टीम की प्रभारी डॉ. रश्मि भुरे एवं उनके छह सहयोगी मेडिकल अधिकारियों ने लगातार स्थितियों पर नजर रखी। इसका बहुत अच्छा नतीजा सामने आया और रिकवरी रेट शानदार रही। कोविड कंट्रोल बिल्कुल अलग किस्म का कार्य था। इसके लिए जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों, आयुर्वेद अधिकारियों, स्टाफ नर्स की ट्रेनिंग बेहद जरूरी थी। डॉ. रश्मि भुरे ने यह ट्रेनिंग कराई, साथ ही जटिल केस के संबंध में रिफर करने तुरंत निर्णय लिया। अलग.अलग तरह की मेडिकल हिस्ट्री के संबंध में भी मरीजों से काउंसिलिंग की और इसके मुताबिक होम बेस्ड केयर किया गया। इससे रिकवरी की दर तेजी से बढ़ गई। यह हैं छह एएमओ जिन्होंने कड़ी मेहनत कर बढ़ाई रिकवरी दर. होम बेस्ड केयर में लगभग आठ हजार पेशेंट रहे। इतनी बड़ी संख्या में मरीजों का केयर करना आसान नहीं था। इसके लिए छह एएमओ अर्थात सहायक स्वास्थ्य अधिकारी लगाए गए और इनके साथ 20 जूनियर डाक्टर और 30 नर्सिंग स्टाफ अटैच किया गया। सभी एएमओ ने 24 घंटे दिन और रात होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों की देखभाल की। रिसाली में डॉ. जागृति चंद्राकर ने संभाला मोर्चा. रिसाली में मोर्चा डॉ. जागृति चंद्राकर ने संभाला। यूँ तो उनका आफिशियल टाइम आठ घंटे का होता है लेकिन यह इमरजेंसी का वक्त था। रात.रात को पेशेंट फोन करते थें डॉ. जागृति ने बताया कि हमेशा एलर्ट रहना पड़ता है इस वजह से काफी सारे मरीजों से अटैचमेंट हो गयाए बाद में उनकी दुआ मिली तो बहुत अच्छा लगा।

कोरोना की दहशत रावण दहन पर भारी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कोरोना की दहशत रावण दहन पर भारी पड़ गई। अनुशासन के खौफ ने उत्साह को फीका कर दिया है। राजनीकि हलचल भी नहीं देखी गई। कई स्थानों पर रावण दहन ही नहीं किया गया। प्रशासन की गाइड लाइन के अनुसार रावण का कद भी घट कर छोटा कर दिया गया। बीते साल तक 20 से 50 फीट तक राव बनाया जाता था। इस साल महज 10 फीट तक ही रावण का पुतला बना। जिसे सिर्फ समिति के सीमित लोगों की मौजूदगी में दहन किया गया। रावण दहन के बहाने शक्ति प्रदर्शन भी खूब देखा गया। पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में कई सालों से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा मुख्य अतिथि होते थे। इस साल दुर्ग में भी उत्साह

ठंडा रहा है। शहर में राष्ट्रीय पर्व समिति द्वारा आयोजित दशहर उत्सव में शहरी क्षेत्र के साथ ही आसपास के कस्पाई इलाकों से भी लोग बड़ी संख्या में शामिल होते है, लेकिन कोरोना व प्रशासन की गाइडलाइन की वजह से कार्यक्रम फीका रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर धीरज बाकवीवाल थे। इस अवसर पर शंकरलाल ताम्रकार, डा. सतीशचंद्र मिश्रा, आरएन वर्मा, भंवरलाल जैन, राधेश्याम शर्मा, नंदू महोबिया, अनिल ताम्रकार, सुमित वोरा, मनोज ताम्रकार, अलताफ अहमद, चंद्रदीप ताम्रकार, राजेश तंबोली, भोला महोबिया, लक्ष्मीकांत कसार, कैलाश पंडा मौजूद थे। समिति के पदाधिकारियों में रावण निर्माता आनंद तंबोली, राष्ट्रीय बैंडपार्टी अमर केमे, स्वरसंगम लाइट महेश ठाकुर, छत्रपाल सिंह चंदेल, सौरभ ताम्रकार, प्रज्वल ताम्रकार, दिवाकर ताम्रकार, मानस ताम्रकार, जीवनलाल ताम्रकार को सम्मानित किया गया है। दुर्ग के सबसे पाश कालोनी पदमनाभपुर में भी कार्यक्रम फीका रहा। विजयदशमी पर यहां का मिनी स्टेडियम खचाखच भरा रहता था। इस बार यहां प्रतिकात्मक रावण का दहन किया गया। जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी भी नाममात्र की ही रही।

रविशंकर स्टेडियम कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन का केंद्र रहता है उसी तरह से बैगापारा का मिनी स्टेडियम भाजपा के लिए केंद्र बिंदु रहता है। यहां सालों से हो रहे विजयदशमी कार्यक्रम में भाजपा की राष्ट्रीय नेत्री सरोज पांडेय, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतपाल बेलचंदन दिग्गज भाजपाई शामिल होते थे।

>

विजयादशमी पर महापौर ने दी सौगात

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव ने विजयादशमी पर खुर्सीपार के क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी है! श्रीराम चौक अंडा चौक के सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन कर कार्य की शुरुआत की। लंबे समय से चौक के सौंदर्यीकरण की बाट जोह रहे लोगों को अब यहां पर गुजरने से अलग ही नजारा देखने को मिलेगा। यह चौक श्रीराम मय नजर आएगा! महापौर ने भूमिपूजन अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अधर्म पर धर्म की जीत, अन्याय पर न्याय की विजय का यह विजयादशमी पर्व भगवान श्रीराम की गौरव गाथा और उनके आदर्शो पर चलने की सीख देता है। उन्होंने प्रदेशवासियों को दशहरा पर्व की बधाई दी। इस पर्व को यादगार बनाने के लिए अब श्रीराम चौक का कायाकल्प होगा। भगवान श्री राम की धनुषधारी म्यूरल बनाई जाएगी। श्री यादव ने विधायक निधि से 20 लाख इस कार्य के लिए दिए हैं। निगम क्षेत्र में विकास की तेज रफ्तार के साथ ही अब यह कार्य भी सम्मिलित हो गया है। क्षेत्रवासियों की काफी वर्षो पुरानी मांग महापौर ने कार्य की शुरुआत करके पूरी कर दी। श्री यादव ने अधिकारियों से कहा कि अब कार्य जल्द ही प्रारंभ कर दें। जोन के अधिकारियों ने बताया कि कार्य आदेश जारी कर दिया गया है शीघ्र अतिशीघ्र कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। श्रीराम चौक के दोनों ओर होगा सौंदर्यीकरण श्रीराम चौक के दोनों तरफ के खाली स्थानों पर सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा। सड़क हाई मास्क की जगमग लाइटों से रोशन होगा। दोनों ओर हरियाली होगी लैंडस्केप कार्य के साथ ही आकर्षक पौधे लगाए जाएंगे।

विक्रम पुनः बने प्रेस क्लब अध्यक्ष

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। स्थानीय पत्रकारों द्वारा आगामी कार्यकाल के लिए पदाधिकारियों पदाधिकारियों का चुनाव उत्साहपूर्वक मतदान कर सम्पन्न किया गया। प्रेस क्लब परिसर में सम्पन्न। इस चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु विक्रम शाह ठाकुर को पुनः भारी बहुमत से चुना गया। अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष अजय यादव, कोषाध्यक्ष सुरेश वाहने, सचिव संजय श्रीवास्तव, सहसचिव राकेश सोनकर, संगठन सचिव ध्रुव नायक एवं प्रचार सचिव अनुज शुक्ला को चुना गया। संरक्षक डॉ. मोहन आनंद को सर्वसम्मति से चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में अशोक भेलवा, खिलेश्वर साहू, रविन्द्र थापा, संतोष महाराणा, डॉ. नौशाद सिद्दिकी, ऋषि साहू, गजेन्द्र टेमरे, नन्द्रशेखर साहू, शैलेन्द्र खरे, दिनेश सिंह राजपूत राजेन्द्र शाह एवं अंबादास देशमुख आदि हैं। पर्यवेक्षक मोहन साहू ने विशेष रूप से पूरे समय सक्रिय रहते हुए पूरे मतदान प्रक्रिया को सराहनीय ढंग से संपन्न कराने में महती भूमिका निभाई। सफल मतदान में भाग लेकर चुनाव सम्पन्न कराने संरक्षक डॉ. आनंद ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पत्रकार पहले की तरह एकजुट रहकर कार्य को नई दिशा देगे।

शिकायत पर पहुंचे आयुक्त कालोनी का मांगा नक्शा व दस्तावेज

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। अपर कलेक्टर व आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे कार्यालय से लेकर शिकायतों की जांच करने गणेश नगर पहुंचे। प्लाटिंग करने की शिकायत पर स्थल निरीक्षण किया। साथ ही दस्तावेज परीक्षण कराने कालोनाइजर को मोहलत दी।

श्री सर्वे व नोडल अधिकारी रामाकांत साहू निगम के स्वास्थ्य विभाग कार्यालय समेत एसएलआरएम सेंटर, असंगठित श्रमिकों के लिए लगाए जा रहे शिविर का निरीक्षण किया। आयुक्त ने निर्देश दिए कि ऐसे

श्रमिक जिनका मजदुर कार्ड नही बना है उनकी तलाश कर अनिवार्य रूप से पंजीयन करे। साथ ही कर्मचारियों को निर्धारित समय के बाद ही शिविर स्थल से लौटने कहा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति, पंजी, शिकायत पुस्तिका व वाहनों का लॉग बुक अवलोकन किया। कर्मचारियों को समय पर आने और शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

अवैध प्लाटिंग पर दी मोहलत

क्षेत्र के गणेश नगर में अवैध प्लाटिंग व नाली निर्माण की शिकायत मिली थी। शिकायत की जांच में आयुक्त व राजस्व प्रभारी हरचरण सिंह अरोरा व अन्य अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान 2 दिनों की मोहलत देते हुए श्री सर्वे ने कालोनाइजर को नगर एवं ग्राम निवेश से एफरुव नक्शा समेत अन्य दस्तावेजों को परीक्षण कराने निर्देश दिए। दस्तावेज के परीक्षण पश्चात ही गणेश नगर में किसी तरह का निर्माण कार्य करने कहा गया।

आज यहां लगेगा शिविर

शासन की योजना के तहत रिसाली निगम क्षेत्र में शिविर लगाकर श्रमिक कार्ड बन रहा हैं। ताकि पंजीकृत श्रमिकों को योजना का लाभ और स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा सके। पूर्व में पंजीयन से वंचित श्रमिकों के लिए मंगलवार को सुबह 10:30 से 5:30 तक रूआबांधा के यादव चैकए स्टेशन मरोदा के दुर्गा मंदिर के पासए टंकी मरोदा के कल्याणी मंदिर के पासए मौहारी मरोदा के नवीन वार्ड कार्यालय भवन व रिसाली बस्ती के सांस्कृतिक भवन के पास शिविर लगाया जाएगा।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400068

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका गीता साहू पति मनोज कुमार साहू निवासी भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 25/48 रकबा 0.026 हें/ 2800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400654

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका कमली देवी ठाकुर जौ. मनोहर राम ठाकुर निवासी प्रथम बटालियन वाहिनी म.न. 6/1964 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 998/4 रकबा 0.017 हें/ 1875 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400065

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती वृषांका रंजन पति राजेश रंजन निवासी आदर्श नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 15/4 रकबा 0.0200 हें/ 2800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400587

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री भूषणलाल साहू आ. रामाधीन साहू निवासी उमरपोटी जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 770/2 रकबा 0.0300 हें/ 3600 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नकुल कुमार साहू पिता धन्नू साहू निवासी उरला मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 165/2, 172/2, 248/4, 773/2 रकबा क्रमशः 0.256, 0.138, 0.020, 0.009, 0.110 कुल रकबा 0.533 हे. भूमि आवेदकगण के नाम पर दर्ज है। जिसमें एक खातेदार का नाम त्रुटिवश गुलन्तीन पि. धनसिंग दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर बुधन्तीन पि. धनसिंह करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 11.11.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2020-21
ई.कोर्ट- 202010100700095

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती वेणु देशमुख पति अतुल देशमुख निवासी ग्राम आमापारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 466/3 रकबा 0.056 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन
ई-कोर्ट	श्रीमती पूर्वा तिवारी	रजिस्ट्रेशन नं. 202010100400499

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती पूर्वा तिवारी पति श्री रेवती रमन शर्मा निवासी म.न. 126 दैहान मार्ग कवर्धा तहसील व जिला कबीरधाम छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह.व जिला दुर्ग	6810/25	0.015 हें 1564 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन
ई-कोर्ट	श्री मोरध्वज चन्द्राकर	रजिस्ट्रेशन नं. 202010100400528

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मोरध्वज चन्द्राकर आ. स्व. नोहर सिंह चन्द्राकर निवासी वार्ड 09 शंकर नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	219/15	0.011 हें 1200 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

मा.क्र./क्यू/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दशरथ सोना आ. निछा सोना साकिन उड़िया बस्ती कोसानगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग अपने माता शांता सोना पति दशरथ सोना की मृत्यु दिनांक 07.08.2011 को हो चुकी है उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 10.11.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.10.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अखिलेश खापर्डे आ. श्री श्यामकरण खापर्डे साकिन रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1023/17 रकबा 0.016 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता बलराम साहू आ. गजानंद साहू से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 11.11.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 2020910100077/700
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कोहका प.ह.न. 00019(3818(0.0200 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- अरुण कुमार किरनापुरे
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अरुण कुमार किरनापुरे स्व. साधुराम किरनापुरे एवं अन्य 2 पता- कोहका द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 3818 रकबा 0.020 हे. जो उसके स्व माता श्रीमती भागरता बाई पति स्व. साधुराम किरनापुरे के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी श्रीमती भागरता बाई पति स्व. साधुराम किरनापुरे की मृत्यु दिनांक 11.06.2016 को हो जाने के कारण उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 30.09.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.09.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202010100900033
विषयः अ-6 वर्ष 2020-21
सेलूद प.ह.न.00027(220(0.2200 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- शिवचरण सिंह कालकट
अनावेदक पक्षकार- शिवदेव सिंह

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सेलूद प.ह.न. 27 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शिवचरण सिंह कालकट पिता रणजीत सिंह निवासी रिसाली जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम सेलूद ह.न. 27 तहसील पाटन स्थित आवेदक एवं अनावेदक शिवदेव सिंह कालकट पिता रणजीत के नाम संयुक्त खाते में दर्ज भूमि खसरा नं. 221 रकबा 0.71 हे. खातेदार शिवदेवसिंह द्वारा आवेदक के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हकत्यागनामा विलेख दिनांक 14.09.2020 के आधार पर खाते से हकत्यागकर्ता शिवदेव सिंह का नाम विलोपित किए जाने प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक शिवचरण सिंह कालकट पिता रणजीत सिंह द्वारा पंजीकृत हकत्यागनामा से उपरोक्त दर्शित हकत्यागशुदा भूमि को आवेदक (हक प्राप्तकर्तागण) शिवचरण सिंह कालकट पिता रणजीत सिंह के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 07.11.2020 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.10.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202010100900034
विषयः अ-6 वर्ष 2020-21
सेलूद प.ह.न.00027(203(0.3600 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- शिवचरण सिंह कालकट
अनावेदक पक्षकार- शिवदेव सिंह कालकट

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सेलूद प.ह.न. 27 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शिवचरण सिंह कालकट पिता रणजीत सिंह निवासी रिसाली जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम सेलूद ह.न. 27 तहसील पाटन स्थित आवेदक एवं अनावेदक शिवदेव सिंह कालकट पिता रणजीत सिंह के संयुक्त नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 203 रकबा 0.36 हे. को अनावेदक शिवदेव सिंह द्वारा अपने हिस्से को आवेदक के पक्ष में दिनांक 14.09.2020 को निष्पादित पंजीकृत हकत्यागनामा दस्तावेज आधार पर हकत्यागकर्ता का नाम खाते से विलोपित किए जाने प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक शिवचरण सिंह कालकट पिता रणजीत सिंह द्वारा पंजीकृत हकत्यागनामा से उपरोक्त दर्शित हकत्यागशुदा भूमि को आवेदक (हक प्राप्तकर्तागण) शिवचरण सिंह कालकट पिता रणजीत सिंह के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 07.11.2020 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.10.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202010100900029
विषयः अ-6 वर्ष 2020-21
सेलूद प.ह.न.00027(294(0.5200 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- शिवचरण सिंह कालकट
अनावेदक पक्षकार- हरभवन सिंह

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सेलूद प.ह.न. 27 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शिवचरण सिंह कालकट पिता रणजीत सिंह निवासी रिसाली जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम सेलूद ह.न. 27 तहसील पाटन स्थित अनावेदिका हरभवन सिंह पति रणजीत सिंह के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 294 रकबा 0.52 हे. को भूमिस्वामी हरभजनसिंह द्वारा अनावेदक के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत दानपत्र दिनांक 14.09.2020 के आधार पर दानशुदा भूमि आवेदक के नाम नामांतरण किए जाने प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक शिवचरण सिंह कालकट पिता रणजीत सिंह द्वारा पंजीकृत दानपत्र से उपरोक्त दर्शित भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 07.11.2020 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.10.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202010100900032
विषयः अ-6 वर्ष 2020-21
सेलूद प.ह.न.00027
पक्षकारों का विवरण :आवेदक पक्षकार- शिवचरण सिंह कालकट
अनावेदक पक्षकार- हरभजन सिंह

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सेलूद प.ह.न. 27 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शिवचरण सिंह कालकट पिता रणजीत सिंह निवासी रिसाली जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम सेलूद ह.न. 27 तहसील पाटन स्थित अनावेदिका हरभजन सिंह पति रणजीत सिंह के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 222, 223, 224 रकबा 0.17, 0.18, 0.41 हे. कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.76 हे. को भूमिस्वामी हरभजनसिंह द्वारा अनावेदक शिवचरण सिंह एवं नरेन्द्र कौर पति शिचरण सिंह पक्ष में निष्पादित पंजीकृत दानपत्र दिनांक 14.09.2020 के आधार पर दानप्राप्तकर्ता आवेदक अन्य 01 के नाम नामांतरण किए जाने प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक शिवचरण सिंह कालकट पिता रणजीत सिंह द्वारा पंजीकृत दानपत्र से उपरोक्त दर्शित दान प्राप्त भूमि दान प्राप्तकर्ता (आवेदक) के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 07.11.2020 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.10.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

नाम-परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रोशन कुमार जैन पिता श्री रावलमल जी जैन पता- मकान नं. 2/4 ऋषभ नगर महावीर कालोनी के पास दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं। मेरा प्रचलित नाम रोशन गोलछा जो कि मेरे विवाह पंजीयन मे अंकित है तथा आधार कार्ड जिसका क्रमांक 7749 2225 1428 एवं पेन कार्ड जिसका क्रमांक AIZPJ5753C एवं पासपोर्ट जिसका क्रमांक H9426151 मे रोशन कुमार जैन अंकित है। उपरोक्त दोनो ही नाम मेरे ही नाम है मुझे दोनो नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जाता है। अतः अब मुझे रोशन गोलछा के नाम से जाना जाए व प्रकाशन किया जावे। उपरोक्त कथन के समर्थन मे शासन के द्वारा शासकीय गजट (समाचार पत्र) में नाम परिवर्तन के संबंध में प्रकारशन हेतु माननीय अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता
रोशन गोलछा

असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है दशहरा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री रावणभाठा-रायपुर के दशहरा उत्सव में हुए शामिल, कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुये संक्षिप्त रूप में रावण दहन का कार्यक्रम सम्पन्न

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति दूधाधारी मठ द्वारा रायपुर के रावणभाठा-टिकरापारा में आयोजित दशहरा उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने वहां रावण वध के पश्चात् भगवान बालाजी के आरती कार्यक्रम में भाग लेते हुए पूजा-अर्चना की और प्रदेश की समृद्धि तथा खुशहाली के लिए कामना की।

मुख्यमंत्री बघेल ने दशहरा उत्सव में शामिल होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि दूधाधारी मठ द्वारा आयोजित यह उत्सव छत्तीसगढ़ के सबसे प्राचीन दशहरा उत्सव में माना जाता है। इसके लिए उन्होंने संरक्षक राजे महंत डॉ. रामसुंदरदास तथा अध्यक्ष मनोज वर्मा सहित पूरे आयोजन समिति की सराहना की। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि दशहरा का पर्व असत्य पर सत्य की जीत, अंधकार पर प्रकाश की जीत और अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है।

यह पर्व हमें अपने अहंकार तथा बुराई को समाप्त कर अच्छाई तथा सत्य की राह पर चलने का सीख देता है। जब तक हमारे समाज, आस-पास तथा स्वयं में जो बुराई है वह समाप्त नहीं होगी तब तक हम और हमारा समाज आगे नहीं बढ़ पाएगा। इसलिए समाज में अहंकार, बुराई तथा असत्य के प्रतीक रावण का नाश जरूरी है, तभी हम आगे बढ़ पाएंगे।

मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि रावणभाठा में आयोजित दशहरा उत्सव की छत्तीसगढ़ के सबसे प्राचीन दशहरा उत्सव के रूप में विशिष्ट ख्याति और पहचान है। अभी कोरोना संकट के दौर में भी नियमों का पालन करते हुए परम्परागत रूप से दशहरा उत्सव के आयोजन के लिए उन्होंने दूधाधारी मठ और समिति की सराहना की। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर में नागपुर के भोसले वंश के शासक रघुराव जी भोसले द्वारा संवत 1610 अर्थात् सन 1554 में दूधाधारी मठ की स्थापना की गई थी। तब से लेकर अब तक यहां दशहरा उत्सव उत्साह के साथ मनाया जाता रहा है। दशहरा उत्सव कार्यक्रम को विधायक बृजमोहन अग्रवाल तथा नगरपालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नगरपालिक निगम रायपुर के सभापति प्रमोद दुबे, पार्षद सतनाम पनाग, पार्षद समीर अख्तर, पार्षद सरिता वर्मा, चंद्रशेखर शुक्ला, प्रभात मिश्रा, सुशील ओझा, पुनीत देवांगन आदि उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने 'रामरस' पुस्तक का किया विमोचन

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने भिलाई-3 स्थित निवास में वेबिनार के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में 'रामरस' पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक में स्वामी आत्मानंद जी द्वारा उनके जीवन काल में रामकथा के विभिन्न प्रसंगों पर दिए गए सुंदर व्याख्यानों को संकलित किया गया है। स्वामी आत्मानंद जी द्वारा रामायण के चरित्रों की सुंदर व्याख्या अनेक स्त्रोतों में बिखरी है, जिन्हें संकलित करने का महत्वपूर्ण कार्य डॉ. राजलक्ष्मी वर्मा ने किया और इसे 'रामरस' पुस्तक का स्वरूप दिया है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि स्वामी आत्मानंद के इस अतुलनीय कार्य को सहेजा जाना बहुत महत्वपूर्ण कार्य है। यह पुस्तक सुधि पाठकों के लिए अत्यंत उपयोगी होगी। उन्होंने संकलन कार्य के लिए डॉ. राजलक्ष्मी वर्मा को भी बधाई दी एवं शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल की धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल, संभागायुक्त टीसी महावर, आईजी विवेकानंद सिन्हा, कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, एसपी प्रशांत ठाकुर एवं अन्य गणमान्य अतिथि तथा अधिकारी उपस्थित थे।

मरवाही उपचुनाव : वोटिंग खत्म होने के 48 घंटे पूर्व तक रहेगी शराब बिक्री पर रोक

रायपुर। मरवाही विधानसभा उपनिर्वाचन-2020 निर्विघ्न एवं निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले के क्षेत्रांतर्गत आने वाली समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकान मतदान दिवस समेत दो दिन तथा मतगणना दिवस को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डोमन सिंह ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मतदान दिनांक 3 नवम्बर 2020 को मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से अर्थात 1 नवम्बर 2020 को शाम 6 बजे से 3 नवम्बर को शाम 6 बजे मतदान समाप्ति तक और *मतगणना दिवस 10 नवंबर मंगलवार* को संपूर्ण दिवस के लिए पूर्णतः बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है।

रमन सिंह ने आरएसएस के स्थापना पर दी शुभकामनाएं

रायपुर। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रमन सिंह ने ट्वीट कर राष्ट्र की सेवा और समर्पण के प्रतीक विश्व के सबसे स्वयं सेवी संगठन (आरएसएस) के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दी है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. सिंह ने रविवार को किए अपने ट्वीट में कहा कि संघ ने विगत 9 दशको की अपनी यात्रा में आदर्श, अनुशासन, सामाजिक एवं व्यक्ति निर्माण के नित नये प्रतिमान स्थापित किए हैं और यह कार्य निरंतर जारी है।

मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक और कवर्धा रियासत की राजमाता शशिप्रभा देवी के निधन पर गहरा दु:ख प्रकट किया

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व विधायक और कवर्धा रियासत की राजमाता शशिप्रभा देवी के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। शशिप्रभा देवी का शनिवार को निधन हो गया। वे दो बार अविभाजित मध्यप्रदेश में कवर्धा क्षेत्र से विधायक रहीं। मुख्यमंत्री ने शशिप्रभा देवी के शोकसंतप्त परिवारजनों को संबल प्रदान करने और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि विधायक के रूप में उन्होंने क्षेत्र की जनता के लिए उल्लेखनीय सेवा की। उन्होंने अनेक पहुंचविहीन गांवों में सड़क, बिजली और सिंचाई सुविधा के विस्तार के काम किए। वे वर्ष 1977 और वर्ष 1980 में कवर्धा क्षेत्र से विधायक रहीं।

नौकरी लगाने और जमीन खरीदने के नाम पर ठगी करने वाले प्रेमी-प्रेमिका गिरफ्तार

रायपुर। जमीन खरीदने और नौकरी लगाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले प्रेमी-प्रेमिका को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बता दे कि प्रेमी खुद को जमीन का खरीददार और प्रेमिका वकील बताकर लोगों को अपना शिकार बनाया करते थे। दोनों के खिलाफ अलग-अलग पांच थानों में रिपोर्ट दर्ज हैं। पुलिस ने इस मामले में आरोपित प्रद्युमन शर्मा और सिमरन लालवानी को पकड़कर पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि विज्ञापन देखकर विक्रेता के दिए गए नंबर में फोन कर जमीन खरीदने का झांसा देते थे। जांच के दौरान आरोपी से एनआरडीए और सिंचाई विभाग में नौकरी के फर्जी नियुक्ति पत्र भी मिले हैं।

बेटी बचाओ मंच ने महानवमी पर कन्याभोज कराया

रायपुर। बेटी बचाओ मंच डगनिया ने महानवमी को 99 वर्षीय बेदन देवी की पूजा से प्रारंभ करके बेटियों की पूजा ,भोज व जस गीत के साथ संपन्न किया। डगनिया स्थित अशोक सदन में बेटी बचाओ मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ,महासचिव भारती अवतार शर्मा तथा सचिव मृणालिनी मिश्रा ने मंच के पदाधिकारियों सहित शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के रूप में माता बेदन देवी तथा नौ देवियों के प्रतीक बेटियों की पूजा-अर्चना व भोज के साथ संपन्न किया ।

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज यहां राजभवन में विजयादशमी के अवसर पर आयोजित शस्त्र पूजा में शामिल हुई।

कक्षा पहली से 8वीं तक के शिक्षकों और शाला प्रमुखों का ऑनलाइन प्रशिक्षण 26 से

रायपुर। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 'निष्ठा' ऑनलाइन प्रशिक्षण का आयोजन 26 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। प्रशिक्षण में कक्षा पहली से 8वीं तक के शिक्षक और शाला प्रमुख शामिल होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला ने निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन के संबंध में समस्त कलेक्टरों को निर्देश जारी किए है। जिलों में 26 अक्टूबर से पूर्व निष्ठा प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कक्षा पहली से 8वीं तक के सभी शिक्षकों का ऑनलाइन पंजीयन दीक्षा एप में अनिवार्य रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टरों को जारी निर्देश में कहा गया है कि स्कूल शिक्षा विभाग भारत सरकार की गाइडलाइन अनुसार कक्षा पहली से 8वीं तक के समस्त शिक्षकों और शाला प्रमुखों को एनसीईआरटी द्वारा निर्धारित 18 माड्यूल पर निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। कक्षा पहली से 8वीं तक के छत्तीसगढ़ राज्य के एक लाख 34 हजार 599 शिक्षकों और शाला प्रमुखों का क्षमता संवर्धन और नेतृत्व करने के गुणों का विकास किया जाना है।

जुआ खेलते 18 गिरफ्तार नगदी 74 हजार 820 रुपयें एवं ताश की 52 पत्ती जब्त

■ विजयदशी के दिन तीन अलग-अलग थानाक्षेत्र में जुआ खेलते पकड़ाए जुआरी

रायपुर। जुखा खेलने की सूचना पर पुलिस ने छापामारकर तीन अलग-अगल थानाक्षेत्रों में 18 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी 74 हजार 820 रुपयें एवं ताश की 52 पत्ती जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गोंदवारा में के.बी.शाह के घर के पीछे कुछ लोग ताशपत्ती से रूपये पैसे का हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेलने की सूचना पर विवार 25 अक्टूअर को पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर ताशपत्ती से रूपये पैसे का हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए 10 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए जुआरियों से पूछताछ एवं तलाशी लेने पर ताराचंद मिश्रा पिता शिव मोहन उम्र 33 वर्ष निवासी अशोक नगर के पास से 5200/- रूपये एवं फड़ से 1300/- रूपये, मनोज मानिकपुरी पिता सनातन दास उम्र 42 वर्ष निवासी चूना भट्ठी गंज के पास से 7900/- रूपये एवं फड़ से 2100/- रूपये, अशोक यादव पिता जंगलू राम उम्र 34 वर्ष निवासी शिवानंद नगर के पास से 5500/- रूपये एवं फड़ से 2000/- रूपये, शेख जमील पिता शेख मौला उम्र 39 वर्ष निवासी चूना भट्ठी गंज के पास से 7500/- रूपये एवं फड़ से 1500/- रूपये, लक्ष्मण सैनी पिता नटराज सैनी उम्र 51 वर्ष निवासी चूना भट्ठी गंज के पास से 6700/- रूपये एवं फड़ से 1300/- रूपये, नागमणी सोनार पिता गणपत सोनार उम्र 42 वर्ष निवासी नर्मदा पारा गंज के पास से 6300/- रूपये एवं फड़ से 1700/- रूपये, सुभाष कुमार देवांगन पिता गोवर्धन देवांगन उम्र 44 वर्ष निवासी कृष्णा विहार जिला बेमेतरा के पास से 7200/- रूपये एवं फड़ से 1800/- रूपये, भरत हरपाल पिता कनिष्ठे हरपाल उम्र 28 वर्ष निवासी आर व्ही एच कलोनी खमतराई के पास से 4700/- रूपये एवं फड़ से 2300/- रूपये, सुंदर कुकरेजा पिता स्व. सच्चानंद कुकरेजा उम्र 40 वर्ष निवासी बसंत विहार कलोनी खमतराई के पास से 5500/- रूपये एवं फड़ से 1500/- रूपये,कुल रकम 72,000/- रूपये एवं 52 पत्ती ताश व एक बल्ब एवं वायर, एक चटाई जब्त किया है।

ओवर रेटिंग पर मदिरा विक्रय की शिकायत के लिए वाट्सएप नंबर जारी

■ अवैध मदिरा परिवहन, धारण एवं विक्रय तथा अन्य नशीले पदार्थों के विक्रय एवं धारण से संबंधित शिकायतें भी वाट्सएप पर भेजी जा सकेंगी

रायपुर। आबकारी मंत्री कवासी लखमा के निर्देशानुसार राज्य सरकार के आबकारी विभाग द्वारा मदिरा दुकानों से ओव्हर रेटिंग पर मदिरा के विक्रय की शिकायत प्राप्त करने के लिए वाट्सएप मोबाइल नंबर 9424102102 आज 25 अक्टूबर को जारी किया गया है। इस सुविधा के माध्यम से ग्राहक द्वारा मदिरा दुकान से उचित दर पर मदिरा विक्रय न किया जाना पाए जाने पर उस दुकान का वीडियो बनाकर वाट्सएप मोबाइल नम्बर 9424102102 पर भेजा जा सकता है। वीडियो प्राप्त होने पर उक्त नंबर के नाम पर आबकारी विभाग में शिकायत दर्ज की जाएगी। विभाग के द्वारा उक्त वीडियो की जांच कर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। साथ ही की गई कार्यवाही से उक्त मोबाइल नंबर पर सूचित किया जाएगा।

वाट्सएप के माध्यम से वीडियो प्राप्त होने पर विभाग को कार्यवाही करने में आसानी होगी तथा प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्यवाही की जा सकेगी। वाट्सएप मोबाइल नंबर 9424102102 पर आबकारी अपराध जैसे अवैध मदिरा परिवहन, धारण एवं विक्रय तथा अन्य नशीले पदार्थों के विक्रय एवं धारण से संबंधित वीडियो भी भेजे जा सकते हैं जिस पर भी कार्यवाही की जाएगी। विभाग में पूर्व से ही टोल फ्री नंबर 14405 कार्यरत है उक्त नंबर पर शिकायत ग्राहकों के द्वारा मुफ्त में की जा सकती है। उक्त नंबर पर आनेवाली शिकायतों पर विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

गर्लफ्रेन्ड से मिलकर आ रहे युवक से मोबाईल व नगदी लूटे

रायपुर। गर्ल फ्रेन्ड से मिलने गए युवक का रास्ता रोककर बाईक सवारों ने जेब में रखे मोबाईल व नगदी रुपयें लूट लिये। घटना की रिपोर्ट 24 अक्टूबर को टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार कृष्णानगर रायपुर निवासी जोसफ विलियम 23 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी शनिवार की रात में गर्ल फ्रेन्ड से मिलकर वापस घर जा रहा था तभी रात्रि 10.20 मिनट पर सतनाम भवन के सामने संतोषीनगर में टिकम मानिकपुरी 25 वर्ष नामक लड़के ने रुकने को कहा उसके साथ सुमन सोनी 25 वर्ष,रोशन खान 20 वर्ष एवं टाटी ठाकुर 20 वर्ष थे।

खून से लथपथ मिली लाश ,पुलिस जांच में जुटी

रायपुर। शहर के रांवाभाटा क्षेत्र में अज्ञात लाश मिलने से दहशत का माहौल है। बता दे कि मृतक की बॉडी खून से लथपथ मिली है। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी है। फिलहाल मामले की जांच में खमतराई पुलिस जुटी हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक के शरीर पर धारदार हथियार से हमले के निशान है। लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। मृतक की उम्र करीब 30-35 साल बताई जा रही है।

रायपुर। भाजपा विधायक दल की बैठक मरवाही चुनाव के मददेनजर नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के आवास में संपन्न हुई। उक्त बैठक में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल सहित अनेक भाजपा नेता शामिल हुए।

कोविड-अपडेट उपचार के दौरान आठ की हुई मृत्यु

कोरोना संक्रमण से 203 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए, 1368 नए मिले

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना वायरस कोविड 19 का बुलेटिन जारी करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने रविवार रात आठ बजे जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना वायरस के संक्रमण से 203 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए वहीं रविवार को 1368 नये कोरोना पाजीटिव मरीजों के मिलने की जानकारी मिली है। नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष पांडेय ने जारी बुलेटिन में बताया कि अब तक प्रदेश में 1 लाख 75 हजार 959 मरीज कोरोना पाजीटिव से संक्रमित हो चुके हैं। वहीं पिछले 24 घंटे में 1162 मरीज आइसोलेशन से डिस्चार्ज हुए हैं। अस्पताल एवं होम आइसोलेशन से 1365 मरीज कोरोना वायरस से अब तक मुक्त हो चुके हैं। प्रदेश में अब तक कोरोना वायरस से 72 हजार 575 मरीज त्वरित उपचार मिलने से स्वस्थ होकर अपने घरों को पहुंच चुके हैं। होम आइसोलेशन एवं अस्पताल से अब तक 1 लाख 50 हजार 398 मरीज कोरोना



महामारी से मुक्त हो चुके हैं। प्रदेश में कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 23743 है। वहीं उपचार के दौरान 8 मरीजों की मृत्यु हुई है जिनमें कोरोना कोविड 19 की टीम एवं को मार्बिडिटी के पांच मरीज शामिल है। रविवार को जारी बुलेटिन में प्रदेश भर में 14914 मरीजों का कोरोना टेस्ट किया गया है।

जारी बुलेटिन में रविवार रात 8 बजे की स्थिति में जिलावार जानकारी निम्नानुसार है-दुर्ग 89, राजनांदगांव 57, बालोद 38, बेमेतरा 16, कबीर धाम 21, रायपुर 144, धमतरी 78, बलौदाबाजार 22, महासमुंद 25, गरियाबंद 18, बिलासपुर 143, रायगढ़ 87, कोरबा 124, जांजगीर चांपा 99, मुंगेली 16, सरगुजा 45, कोरिया 9, सूरजपुर 37, बलरामपुर 9, जशपुर 6, बस्तर 66, कोंडागांव 20, दंतेवाड़ा 64, सुकमा 41, कांकेर 47, नारायणपुर 23, बीजापुर 17, अन्य राज्य से 4 एवं सबसे कम मरीज कोरोना वायरस पाजीटिव के गौरेला पेंड्रा मरवाही से केवल 3 मिले हैं।

संपादकीय

महबूबा मुफ्ति कार्यवाही हो

जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ति अब खुल कर देश विरोध में उतर आई है। भारत की आन बान और शान के प्रति राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को लेकर उन्होने जो विवादास्पद बयान दिया था उसके बाद से उनके मुट्ठी भर समर्थक तिरंगे का तिरस्कार करने की हिमाकत करने लगे है। जम्मू स्थिति पीडीपी कार्यलय के बाहर जब कुछ देश भक्तों ने तिरंगा लगाया तो पीडीपी कार्यकर्ता हाथापाई पर उतर आएं और तिरंगे को निकाल दिया। इसके विरोध में जम्मू में महबूबा मुफ्ति के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूटने लगा और उन्होने महबूबा मुफ्ति का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। कभी लोग महबूबा मुफ्ति के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे है लेकिन पता क्यों केन्द्र सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। यह सरकार की ही कमजोरी है कि महबूबा मुफ्ति और डॉ फरूक अब्दुल्ला जैसे पाकिस्तान परस्त लोग जम्मू कश्मीर में जहर घोलने का काम कर रहे है और लगातार पाकिस्तान की भाषा बोल कर भारत विरोधी बयान दे रहे है। इसके पूर्व भी इन दोनों नेताओं ने जमकर जहर उगला था यदि ऐसे देशद्रोहियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही नही की गई तो ये जम्मू कश्मीर में अपने जहरीले बोल से अशांती फैलाने की कोशिश करते रहेंगे। दरअसल जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद - 370 खत्म होने के बाद से इन पाकिस्तान परस्त नेताओं की जागिरदारी खत्म हो गई है यही वजह है कि ये लोग लगातार देश विरोधी बयान देकर कश्मीर में एक बार फिर अलगाववाद और आतंकवाद की आग को हवा देने का काम रहे है। यदि इन जहरीले नाग नागिन का फन नहीं कुचला गया तो शांत हो चले कश्मीर में अशांती फैलते देर नहीं लगेगी। जम्मू कश्मीर की भाजपा ईकाई ने भी केन्द्र सरकार से मांग की है कि जहरीले बोल बोलने वाले ऐसे गद्दारों के खिलाफ देशद्रोह का मकदमा दर्ज किया जाएं जो भारत का खाते है और पाकिस्तान व चीन का गाते है। समझ में नहीं आता कि केन्द्र सरकार आखिरकार मुकदर्शक बन कर तमाशा क्यों देख रही है। डॉ फरूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ति को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेज देना चाहिए और उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि पाकिस्तान परस्त अन्य आस्तिन के सांपों को भी सबक मिले।

विचार

बंधुत्व ही हिंदुत्व है: भागवत

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

हर विजयदशमी को याने दशहरे के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखिया नागपुर में विशेष व्याख्यान देते हैं, क्योंकि इस दिन संघ का जन्म-दिवस मनाया जाता है। इस बार संघ-प्रमुख मोहन भागवत का भाषण मैंने टीवी चैनलों पर देखा और सुना। सबसे पहले तो मैं इस बात से प्रभावित हुआ कि उनकी भाषा याने हिंदी इतनी शुद्ध और सारगर्भित थी कि दिल्ली में तो ऐसी आकर्षक हिंदी सुनने में भी नहीं आती और वह भी तब जबकि खुद मोहनजी हिंदीभाषी नहीं हैं। वे मराठीभाषी हैं। हमारी सभी पार्टियों, खास तौर से भाजपा, जदयू, राजग, सपा, बसपा के नेता वैसी हिंदी या उससे भी सरल हिंदी क्यों नहीं बोल सकते ? उस भाषण में जो राजनीतिक और सैद्धांतिक मुद्दे उठाए गए, उनके अलावा भारत के नागरिकों को अपने दैनिक जीवन में क्या-क्या करना चाहिए, ऐसी सीख हमारे नेता लोग भी क्यों नहीं देते ? कुछ नेताओं को लत पड़ जाती है कि वे टीवी चैनलों पर राष्ट्र को गाहे ब गाहे संबोधित करने का बढ़ाना ढूंढ निकालते हैं या कुछ खास दिवसों पर अफसरों के लिखे भाषण पढ़ डालते हैं। इन नेताओं को आज पता चला होगा कि भारत के सांस्कृतिक और सैद्धांतिक सवालों पर सार्वजनिक बहस कैसे चलाई जाती है।

मोहन भागवत के इस विचार का विरोध कौन कर सकता है कि भारत में बंधुत्व ही सच्चा हिंदुत्व है। यह विचार इतना उदार, इतना लचीला और इतना संविधानसम्मत है कि इसे सभी जातियों, सभी पंथों, सभी संप्रदायों, सभी भाषाओं के लोग मानेंगे। हिंदुत्व की जो संकीर्ण परिभाषा पहले की जाती थी और जो अब तक समझी जा रही है, उस छोटी लकीर के ऊपर मोहनजी ने एक लंबी लकीर खींच दी है। उनके हिंदुत्व में भारत के सारे 130 करोड़ लोग समाहित हैं। पूजा-पद्धति अलग-अलग हो जाने से कोई अ-हिंदू नहीं हो जाता। अ-हिंदू वह है, जो अ-भारतीय है। याने हिंदू और भारतीय एक ही है। मोहन भागवत के इस विचार को संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक और प्रत्येक भारतीय आत्मसात कर ले तो सांप्रदायिकता अपने आप भारत से भाग खड़ी होगी। मोहन भागवत ने कोरोना महामारी, कृषक नीति, शिक्षा नीति और पड़ौसी नीति आदि पर भी अपने विचार प्रकट किए। शिक्षा नीति पर बोलते हुए यदि वे राज-काज, भर्ती और रोजगार से अंग्रेजी को हटाने की बात करते तो बेहतर होता। मातृभाषा में शिक्षा की बात तो उत्तम है लेकिन जब रोजगार और वर्चस्व अंग्रेजी देती है तो मातृभाषा में कोई क्यों पढ़ेगा ? इसी प्रकार पड़ौसी देशों को एक सूत्र में बांधने में दक्षेस (सार्क) विफल रहा है। यह महान कार्य राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों के बस का नहीं है। उनकी औपचारिक महिमा सिर्फ तब तक है, जब तक वे कुर्सी पर हैं। संपूर्ण आर्यावर्त्त (अराकान से खुरासान तक) को एक करने का कार्य इन देशों की जनता को करना है। जनता को जोड़ने का काम समाजसेवी संगठन ही कर सकते हैं।

बिहार चुनाव में संवेदनशील फसल का प्रवेश

आशीष वशिष्ठ

> राजनीति से इतर बात की जाए तो प्राचीन काल से भारत में प्याज की खेती की जा रही है। 6 ईसा पूर्व के चरक संहिता में प्याज के औषधीय गुणों का वर्णन पढ़ने को मिलता है। प्याज का नाम ऋओनियनऋ लैटिन शब्द यूनिओ से पड़ा जिसका अर्थ है अखंडता व एकता। विश्व में चीन के बाद भारत प्याज का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। पिछले 13 वर्षों में भारत में प्याज के उत्पादन में पांच गुना बढ़ोत्तरी हुई है। फसल उत्पादन के साथ प्याज का उपभोग भी देश में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2004-05 से 2009-10 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में प्याज का उपभोग 32 प्रतिशत जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 18.6 प्रतिशत बढ़ा है। 2009-10 में ग्रामीण क्षेत्रों में प्याज की खपत 9 किलो प्रति व्यक्ति जबकि शहरों में यह खपत 10 किलो प्रति व्यक्ति थी। देश में प्याज की खपत 160 लाख टन सालाना है। बीते वर्ष में रबी के प्याज का क्षेत्र सात लाख हेक्टेयर से बढ़कर दस लाख हेक्टेयर हो गया था, लेकिन बारिश?की मार ने उम्मीदों पर पानी फेर दिया।? कृषि एवं बाजार विशेषज्ञों के अनुसार इस वर्ष महाराष्ट्र में भी बारिश से प्याज के भंडारण पर भी खासा प्रतिकूल असर पड़ा है।

बिहार विधानसभा चुनाव की लड़ाई प्रतिदिन दिलचस्प हो रही है। पहले चरण के मतदान से पूर्व बिहार की चुनावी राजनीति में मंहगाई की आड़ में मंहगे प्याज का प्रवेश अन्ततः हो गया। राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख नेता तेजस्वी यादव ने प्याज की माला पहनकर मंहगाई के मुद्दे पर मोदी और नीतीश पर निशाना साधा है। भारतीय राजीति में महंगाई हमेशा से चुनावी मुद्दा रही है, पर सभी फसलों में एकमात्र प्याज ही है जो सरकार गिराने का दम रखता है। प्याज की कीमत में बढ़ोत्तरी अमीर से लेकर गरीब तक को रुलाती है। प्याज की कीमत हमेशा से राज्य एवं केंद्र सरकारों के लिए सिरदर्द बनी रही है। यह बहुत जल्दी चुनावी मुद्दा भी बन जाती है। इसलिए इसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील फसल माना गया है। कहा जाता है कि भारत में प्याज की कीमतें सरकारें गिरा दिया करती हैं। इसलिए प्याज को गंभीरता से लिया जाता है। इतिहास साक्षी है कि जब-जब प्याज का भाव बढ़ा है, प्याज सत्ता पर भारी पड़ा है।

प्याज की कीमतें किस तरह राजनीति को प्रभावित करती है, उसके कारण जानना भी दिलचस्प है। वास्तव में, दूसरी सब्जियों के दाम में उतार-चढ़ाव को लोग और सरकारें आसानी से पचा लेती हैं लेकिन प्याज के दाम बढ़ते ही सरकार के माथे पर चिन्ता की लकीरें उभर आती हैं। निश्चित ही सरकारों के विचलित होने और घबराहट का कारण यह है कि प्याज लगभग सभी भारतीयों के थाली में शामिल है, चाहे वह अमीर हो या गरीब। कुछ जानकार प्याज के सांस्कृतिक महत्व पर रोशनी डालते हुए बताते हैं कि थाली से जब प्याज गायब हो जाता है तो लोगों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है। यही कारण है कि प्याज के दाम में बढ़ोतरी समाज के सभी वर्गों को प्रभावित करती है। सरकार आनन-फानन में प्याज की कीमतें नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाती हैं। स्थिति के अनुसार कभी विदेशों से प्याज आयात किया जाता है। तो कभी निर्यात पर रोक लगायी जाती है। जमाखोरों के खिलाफ छोपेमारी जैसी कार्रवाईयां की जाती हैं, ताकि बाजार में आवक बढ़ जाए और दाम नियंत्रण से बाहर न हों। देखा जाए तो इसके अलावा सरकार के पास कोई अन्य ठोस नीति नहीं है।

प्याज काटने पर आंसू निकलना तो आम बात है। लेकिन प्याज की बढ़ी कीमतें कुछ राजनेताओं के भी आंसू निकाल चुकी हैं। याद कीजिए 1998 का दौर जब आसमान छूते प्याज की कीमतों ने दिल्ली में बीजेपी की सरकार गिराने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद से बीजेपी को अब तक दिल्ली की सत्ता नसीब नहीं हुई है। इसे आप राजनीतिक फसल प्याज का श्राप भी कह सकते हैं। 1998 में राजस्थान में भी सत्ता का उलटफेर प्याज की कीमतों में हुई वृद्धि का ही परिणाम था। 2010 में जब देश में महंगाई दर दो अंकों में थी, तो इसका मुख्य कारण प्याज की कीमतें ही थीं। इसका असर उस समय के चुनाव पर भी पड़ा था। उस समय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को यहां तक कहना पड़ा था कि प्याज की बढ़ती कीमतें चिंता का गंभीर विषय है। वर्ष 2013 में दिल्ली की शीला दीक्षित सरकार मुश्किल में पड़ गई थी। 2014 के विधान सभा चुनाव में दिल्ली की दीक्षित सरकार हार गई थी। इन उदाहरणों से साफ है कि प्याज केवल किसानों की एक फसल ही नहीं है बल्कि राजनीति में ऊंट किस करवट बैठेगा, यह भी काफी हद तक प्याज ही निश्चित करता है। यानी राजनीतिक गलियारों में प्याज का हस्तक्षेप अत्यधिक है।

देश में प्याज की खपत 160 लाख टन सालाना है। बीते वर्ष में रबी के प्याज का क्षेत्र सात लाख हेक्टेयर से बढ़कर दस लाख हेक्टेयर हो गया था, लेकिन बारिश?की मार ने उम्मीदों पर पानी फेर दिया।? कृषि एवं बाजार विशेषज्ञों के अनुसार इस वर्ष महाराष्ट्र में भी बारिश से प्याज के भंडारण पर भी खासा प्रतिकूल असर पड़ा है। वहीं कीमतों में उछाल में बारिश के चलते मध्यप्रदेश और गुजरात के स्टोरों में रखे प्याज का खराब होना भी एक वजह बतायी जा रही है। अतिवृष्टि से कर्नाटक में प्याज की फसल को भारी क्षति पहुंची। इसी प्याज की आपूर्ति सितंबर-अक्तूबर में होती थी। उम्मीद है कि अक्तूबर के अंत तक महाराष्ट्र में होने वाली प्याज की फसल के बाजार में आने के बाद शायद कीमतों में कमी आए। कर्नाटक और महाराष्ट्र मिलकर पूरे देश की लगभग 45 प्रतिशत प्याज का उत्पादित करते हैं। भाजपा नीत सरकार जब 2014 में केंद्र की सत्ता में आई तो कृषि-बागवानी माल के दाम को गिरने से बचाने के लिए अगले तीन साल के लिए मूल्य स्थिरीकरण फंड (पीएसएफ) बनाया गया था। पर इस फंड का उपयोग किसानों के हित में पूर्णरूपेण हो नहीं पाया।

आशंका है कि मौसम की मार के अलावा जमाखोरी की भी कीमतों की वृद्धि में भूमिका हो। बाजार के जानकारों की अनुसार नये कृषि सुधारों के क्रम में प्याज को जिस तरह से आवश्यक वस्तु कानून के दायरे से बाहर किया गया, उससे जमाखोरी को बढ़ावा मिला है। यही वजह है कि फौरी तौर पर सरकार ने जमाखोरी रोकने के लिये स्टॉक लिमिट लगा दी है। लेकिन आयात किये जाने वाले प्याज पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। वहीं दूसरी ओर संकट को देखते हुए सरकार ने प्याज के निर्यात पर रोक लगाने के बाद इसके आयात की अनुमति दी है ताकि मांग व आपूर्ति के संतुलन से प्याज की कीमतों को नियंत्रित किया जा सके। विशेषज्ञों के अनुसार कई वर्षों से प्याज के बढ़ते उत्पादन के मुकाबले इसके भंडारण की पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण काफी मात्रा में प्याज बर्बाद हो जाती है। कृषि संरचना के निर्माण के बजाय सरकार आयात पर ज्यादा जोर देती है। प्याज के क्षेत्रफल और उसके उत्पादन का पूर्वानुमान नहीं किया जा रहा है, जिससे कि बाजार में समयानुसार सूचना मिल सके और आयात और निर्यात का निर्णय लिया जा सके। व्यापारियों की मिलीभगत से भी कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखा जाता है। अब चूंकि बिहार चुनाव में प्याज रूपी संवेदनशील फसल प्रवेश कर चुकी है, ऐसे में प्याज की बढ़ी कीमतें किसका खेल बनाएंगी और किसका खेल बिगाड़ेंगी ये आने वाला समय ही बताएगा। वैसे पिछले तीन वर्षों में प्याज किसान को सही दाम नहीं मिलने के बाद भी राज्य सरकारों पर इसका असर नहीं पड़ा। उदाहरण के लिए, फरवरी 2017 में महाराष्ट्र में नगर निगम और नगरपालिका चुनाव में राज्य सरकार को भारी बहुमत का मिलना। हालांकि विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने एशिया की सबसे बड़ी प्याज मंडी नाशिक में किसानों का मुद्दा उठाया था, पर इसका भी कोई खास प्रभाव नहीं हुआ था।

राष्ट्रदोही फारूख और महबूबा को कब होगी सजा?

प्रेम शर्मा

> जम्मू-कश्मीर देश का अभिन्न अंग हैं और इस बात में कोई शक नहीं। जम्मू-कश्मीर को दुश्मनों की बुरी नीयत से बचाने के लिए न जाने कितने ही भारतीय सेना के जवान सीमा पर शहीद हो गए, पर उनकी शहादत का देश में बैठे कुछ नेता मजाक उड़ा रहे हैं। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की बात कर रहे हैं। जो खुलेआम भारत को धमकी दे रही हैं, देश विरोधी ताकतों को बल दे रही हैं। अब वे विदेशी ताकतों को हवा देते हुए यहाँ तक बोल गई कि "डकैतों ने हमारा झंडा छीना"। बॉत यही नही खत्म हुई बल्कि महबूबा ने भारतीय तिरंगा न उठाने का ऐलान कर सीधे भारतीय संविधान को चुनौती दी है। जबकि 25 फरवरी 1917 पूर्व केंद्रीय मंत्री फारूक अब्दुल्ला ने विवादित बयान देते हुए कहा थी कि नई पीढ़ी के आतंकी आजादी के लिए लड़ रहे हैं। इके बाद 16 नवम्ब्र 2017 अब्दुल्ला ने कहा था कि ऋहम कब तक कहते रहेंगे की (पीओके) हमारा हिस्सा है?3 पीओके पाकिस्तान है और ये भारत370 साल हो गये , वो पाकिस्तान है, ये हिंदुस्तान है।

विपक्षी होने के नाते भाले ही फारूख अब्दुला और महबूबा मुफ्ती को सरकार के खिलाफबोलने और कोसने का हक है। लेकिन पिछले लम्बे अरसे से जिस तरह के बयान इन दोनों नेताओं के राष्ट्र के विरोध में आ रहे है उससे सरकार ही नही आम जनमानस में इनके प्रति कोध्र उफान मान रहा है। केन्द्र सरकार भले ही वोट बैंक या फिर किन्ही अन्य कारणों से इनके खिलाफराष्ट्रदोह का मुकदमा दर्ज कर इन्हें जेल न भेज रही हो लेकिन जिस तरह के बयान लगातार इन नेताओं द्वारा भारत के खिलाफदिये जा रहे उसके तहत इन पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा तो बनता ही है। आखिर ऐसे किसी फैसले के विरोध में खड़े होकर चीन की मदद लेने अथवा भारतीय ध्वज को न उठाने की बातें करने वाले किस मुंह से यह कह सकते हैं कि वे राष्ट्रविरोधी नहीं हैं? ये हरकतें तो साफ तौर पर राष्ट्रविरोधी ही हैं। फारूक अब्दुल्ला यह भी सफाई दे रहे हैं कि उनकी लड़ाई मजहबी नहीं है, लेकिन उनका रुख-रवैया यही साबित कर रहा है कि वह हुर्रियत कांफ्रेंस की तरह से अपनी अलगाववादी राजनीति को मजहबी रंग दे रहे हैं। वास्तव में इसी कारण वह जम्मू क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाओं की कहीं कोई परवाह नहीं कर रहे हैं। केन्द सरकार की दरियादिली कहे या फिर मजबूरी कि फारूख अब्दुला यहॉ तक बयान दे चुके है कि कश्मीर भारत के बाप का नही है।

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की बहाली की मांग करने वाले कश्मीर आधारित राजनीतिक गुटों की ओर से तथाकथित गुपकार गठबंधन का गठन उसी तरह की एक शरारत भरी कवायद है, जैसे हुर्रियत कांफ्रेंस के नाम पर की गई थी। इस गुपकार गठबंधन का भी वही हश्र होगा, जो आतंकपरस्त हुर्रियत कांफ्रेंस का हुआ, क्योंकि उसके नेता और खासकर फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती भी पाकिस्तान एवं चीन की भाषा बोल रहे हैं और वह भी निहायत बेशर्मी के साथ। गुपकार गठबंधन के अध्यक्ष के रूप में फारूक अब्दुल्ला का यह कहना देश-दुनिया की आंखों में धूल झोंकने के अलावा और कुछ नहीं कि हम भाजपा विरोधी हैं, देश विरोधी नहीं। महबूबा और अब्दुल्ला बड़ी चतुराई से यह भूल रहे हैं कि अनुच्छेद 370 को खत्म करने का फैसला दो तिहाई बहुमत से संसद ने लिया था। केवल कश्मीर आधारित राजनीतिक गुटों की ओर से संविधान के अस्थायी अनुच्छेद 370 की वापसी का राग अलापना यही बताता है कि वे घाटी को देश और यहां तक कि जम्मू से भी अलग मानते हैं। उनके इस मुगालते को दूर करने की सख्त जरूरत है कि कश्मीर उनकी जागीर है। वैसे भी इन गुटों और खासकर नेशनल कांफ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने कश्मीर को लूटा ही है। इस लूट-खसोट से कश्मीर की जनता भी अवगत है। वह इससे भी परिचित है कि ये गुट जब सत्ता में होते हैं तो किस तरह देश, संविधान की बातें करते हैं और सत्ता से बाहर होने पर पाकिस्तान की भाषा बोलने लगते हैं।

अब्दुल्ला कह चुके है कि ÷आज वे (भारत) दावा करते हैं कि ये भारत का हिस्सा है. तो इसे ले लीजिए. हम भी कहते हैं कि इसे ले लीजिए. हम भी देंखेंगे. वे कमजोर नहीं हैं और उन्होंने चूड़ियां नहीं पहन रखी है. उनके पास भी परणामु बम है। युद्ध के बारे में सोचने से पहले हमें इंसान की तरह रहने के बारे में सोचना चाहिए। लेकिन गुपकार गठबंधन के नेताओं को जितनी जल्दी यह समझ आए तो अच्छा कि यह देश किसी भी कीमत पर 370 की वापसी के लिए सहमत नहीं हो सकता, क्योंकि उसने अलगाव, अन्याय और आतंक के बीज बोने के अलावा और कुछ नहीं किया। फारूक अब्दुल्ला कितनी ही लीपापोती करें, देश उन्हें माफ नहीं कर सकता, क्योंकि उन्होंने भारत की ओर आंख उठाने वाले चीन की खुली तरफदारी करके लोगों का सम्मान हमेशा के लिए खो दिया है। नेशनल कांफ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं के भारत विरोधी और पाकिस्तान एवं चीन समर्थक रवैये से यह साफहै कि उनकी विचारधारा एक तरह से वही है जो आतंकी और नक्सली संगठनों की है। इन दलों के लिए जम्मू-कश्मीर का मतलब केवल घाटी है।जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने राज्य का झंडा एवं संविधान लौटाने की मांग करके अलगाववाद की पैरवी करने के साथ ही पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाने का ही काम किया है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर का पुराना झंडा हाथ में लेकर अलगाव और आतंक की जमीन तैयार करने वाले अनुच्छेद 370 को बहाल करने की मांग करके उन कारणों को सही ही साबित किया, जिनके चलते उन्हें लंबे समय तक नजरबंद रखा गया। उन्हें जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ देश के हितों की किस तरह कहीं कोई परवाह नही।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हुस्न को हर पल

हुस्न को हर पल सँवारा जिस्म की ख़िदमत हुई आज कल की आशिक़ी में वस्ल की चाहत हुई रूह बिस्तर पर तड़पती देह जकड़ी बांह में इस तरह नीलाम हर दिन इश्क में कुर्बत हुई धूल ओढ़े फ़ाइलों में सच पड़ा ही रह गया झूठ की पाकर रिहाई चौगुनी बरकत हुई रात भर मुझसे लड़ी है दोस्ती इस बात पर कौन थी जो इन लबों को चूम कर रुख़सत हुई जब जिसे जितनी ज़रूरत ले गया वो बेहिचक बचपने को छोड़कर के कब कहाँ इज़्ज़त हुई। – **जतिन फैज़ाबादी**

एक पंखुड़ी नाजुक

एक पँखुड़ी नाज़ुक सुगंधित ओस नहाई स्वच्छ, निर्मल ताज़ा प्रसन्न चित्त महकी गदराई कंटक पीड़ा मधुप लोलुपता सहती आई आतप व्यवहार पवन मार अनभिज्ञ रहती टूटी दल से बिखर सब जातीं सखी-सहेली पाहुन-सा जीवन मुश्किल राहें प्रश्न चिन्ह भविष्य दुर्भाग्य या सौभाग्य। – **अंशु विनोद गुप्ता**

खास पाती

सपनों में रख आस्था

सपनों में रख आस्था कर्म तू किए जा. त्याग से ना डर आलस परित्याग किए जा गलती कर. ना घबरा.गिरकर फिर हो जा खड़ा, समस्याओं को रास्ते से निकाल दे, चट्टान भी हो तो ठोकर से उछाल दे, रख हिम्मत तूफानों से टकराने की, जरूरत नहीं है किसी मुसीबत से घबराने की, जो पाना है बस उसकी एक पागल की तरह चाहत, करता रहा कर्म मगर साथ में खुदा की इबादत भी, फिर देख किस्मत क्या-क्या रंग दिखलाएगी, तुझको तेरी मंजिल मिल जाएगी मंजिल मिल जाएगी। – **वेदांशु कोठारी**

मेरे शब्दों में ऐसी शक्ति दे मां

मेरे शब्दों में ऐसी शक्ति दे माँ, मनभावन मधुपूरित हो जो । क्षमता हो जिसमें नवचेतना का, संसार को नवपथ दे सके । जीवन को दे सच्ची दिशा , भ्रमितो को उनकी राह दे । माँ शारदे ,कर दे कृपा ! मेरे शब्दों में ऐसी शक्ति दे माँ । अमृतभरे शब्दों से ऐसा जोश हो, हारे थके पथिको में भी , नवउल्लास का संचार हो । भूले है पथ अपना हैं जो, उनको उनका सही पथ मिल सके। सत्पथ पर चलें मानव सभी रामराज्य का पुनः अवतार हो । कलुषित कुटिल जायें सुधर , उनमें नवचेतना का संचार हो । वन्दना करते सभी मां तिहारी, सब पर ही मां तेरी कृपा हो।

– **डॉ.सरला सिंह**

जाने क्यो सब पीछे छूट गया

जाने क्यो सब पीछे छूट गया सा लगता है या हम पीछे रह गए सा दिल मे खलता है किस ने जहर घोला इन हवाओं में जाने क्यो क्या कम था जहर दिलो में और विचारों में।।राम राम स्वथ्य रहिये मस्त रहिये मानसिक स्वथ्य भी जरूरी है हृदय का शुद्ध रहना भी जरूरी है।

– **रितु दुबे**

इश्क़ होता तो ये हुआ

इश्क़ होता तो ये हुआ होता बद्दुआ का दुआ, सिला होता कोई तो रहनुमा मिले ऐसा रुह से जिस को वासता होता उनकी तारीफ़ हमसे हो न सकी चश्म तो ठीक से मिला होता तुमसे पहचान मेरी अच्छी थी राबता भी तो कुछ बढ़ा होता रस्म ए उल्फ़त जो तुम निभा लेते सिलसिला 'भवि' न यूँ थमा होता। – **शुचि 'भवि'**

खोज रहा मैं खुद को अविरत



खोज रहा मैं खुद को अविरत. दुनिया की भीड में कौन हूँ मैं? क्या हूँ मैं पाने को ये जवाब बस चलता रहा उम्मीद में। सोच रहा मैं जो तन है नश्वर मन भी नश्वर आत्मा हूँ मैं तो और अँश हूँ. उस परमात्मा का अस्तित्व खो कर एकदिन हो जाऊँगा विलीन परम-आत्मा में फिर क्यों तनुज खोया हूँ मैं? रिश्ते नातों के नीड़ में। खोज रहा क्यों खुद को निरन्तर दुनिया की भीड में।– **सतीश मैथिल तनुज**

मुझ से इतनी भी मुहब्बत क्यूं



मुझ से इतनी भी मुहब्बत क्यूँ है देखकर गमज़दा हैरत क्यूँ है। आसमा पर नही है कोई शज़र फिर परिंदों को ये चाहत क्यूँ है। जिंदगी भर सुकूँ की चाहत थी बाद मरने के ही राहत क्यूँ है। गांव में अब भी है सुकुन बहुत इस शहर में भला दहशत क्यूँ है। वक्त के साथ बदलते हैं ये रिश्ते भाई को भाई से नफरत क्यूँ है। – **आचार्य दिनेश भोपाली**

विष तत्व ल हरव हमरो हे

विष तत्व ल हरव हमरो हे नीलकंठ महादेवा जुग बीतगे पूजा-पाठ अउ करत तुंहरेच सेवा कब होही बरसा तुंहर पावन अमरित धारा के लरी-लरी तन-मन होगे बिगर तुंहर सहारा के। **–सुशील भोले**

QUIZ TIME

1) 'मध्यावर्त' क्या है?

2) छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक अकादमी कहाँ स्थित है? (रायपुर / बिलासपुर / कोरबा)

3) 'छत्तीसगढ़' शब्द का सर्वप्रथम उपयोग साहित्य में किसने किया था?

4) छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम व एकमात्र तथा देश का 12वाँ वि.वि. 'कामधेनु विश्व विद्यालय' राज्य में कहाँ स्थापित किया गया है?

5) नक्सल विरोधी अभियान सलवा जुडुम (जन जागरण) का प्रारंभ कब हुआ था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सरकारी गेस्ट हाउस (2) रायपुर (3) दलपत राम साव (4) अंजोरा (दुर्ग) (5) जून 2005

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)।1676– पोलैंड और तुर्की ने वर्साय की संधि पर हस्ताक्षर किए। 1806– फ्रांस की सेना बर्लिन में प्रवेश किया। 1904– स्वतंत्रता सेनानी जतीन्द्र नाथ बोस का कोलकाता में जन्म। 1959– पश्चिमी मेक्सिको में चक्रवाती तूफान से कम से कम 2000 लोग मरे। 1968– मेक्सिको सिटी में 19वें ओलंपिक खेलों का समापन हुआ। 1969– चंडीगढ़ को पंजाब में शामिल करने के मुद्दे को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दर्शन सिंह फेरुमन का निधन। 2000 – हेनरी मैक्लिश स्कॉटलैंड के पहले मंत्री बने। 2001– हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता प्रदीप कुमार का निधन। 2003 –चीन में भूकम्प से 50,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए। 2004– बोस्टन रेड सोक्स ने 86 साल में क्लब की पहली चैंपियनशिप जीतने के लिए सेंट लुइस कार्डिनलस्टो का एक स्वीप पूरा किया। 2010– सबसे बड़ा न्यूट्रॉन तारा खगोलविदों ने खोजा। 2011 – जर्मन शहर हैल में द्वितीय विश्व युद्ध एक बम खोजा गया है। 2012– इराक में श्रृंखलाबद्ध बम धमाकों में 46 लोगों की मौत, 123 घायल। 2018– प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे मदन लाल खुराना का निधन।

करीना-सोनम स्टारर वीरे दी वेडिंग का बनेगा सीक्वल

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर और सोनम कपूर स्टार सुपरहिट फिल्म वीरे दी वेडिंग का सीक्वल बनाया जा रहा है। शशांक घोष के निर्देशन में बनी वीरे दी वेडिंग का सीक्वल बनने जा रहा है। फिल्म की स्टार कास्ट में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इस फिल्म में फिर से बड़े पर्दे पर गर्ल पावर देखने को मिलेगा। जिसमें सोनम कपूर, करीना कपूर, स्वरा भास्कर और शिखा तलसानिया लीड रोल में नजर आएंगी। बताया जा रहा है कि इन सभी अभिनेत्रियों ने भी फिल्म के लिए हां कर दी है और इस फिल्म के सीक्वल के लिए सभी उत्साहित हैं।

कहा जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग शुरू होने में थोड़ा समय लगेगा। क्योंकि करीना कपूर गर्भवती हैं और वह दूसरे बच्चे का जन्म होने के बाद ही शूटिंग शुरू करेंगी। ऐसे में निर्माता भी फिल्म के सीक्वल के लिए करीना का इंतजार करेंगे। क्योंकि उनके बिना फिल्म का सीक्वल भी संभव नहीं है। इससे पहले वीरे दी वेडिंग को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। उसकी सफलता के बाद ही अब निर्माताओं ने इसका सीक्वल बनाने का निर्णय लिया है।

इंस्टाग्राम पर आलिया के पांच करोड़ हुए फॉलोअर्स

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट के प्रशंसकों की संख्या फोटो शेयरिंग साइट इंस्टाग्राम पर पांच करोड़ हो गयी है। आलिया भट्ट के प्रशंसकों की संख्या इंस्टाग्राम पर पांच करोड़ हो गयी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस का शुक्रिया अदा किया है । उन्होंने लिखा, ÷आज प्रशंसा का दिन है थैंक यू मेरे परिवार आज आप लोगों ने मुझे 50 मिलियन प्यार दिया है, मैं आप सभी से बहुत प्यार करती हूं।

आलिया ने लिखा, आज इस मौके पर मैं आपसे कुछ शेयर करने वाली हूं, जो मैंने पिछले कुछ महीनों में सीखा है। सोशल मीडिया हमें कनेक्ट करता है, यह हमें एंटरटेन भी करता है। लेकिन यह हम नहीं। जब मेरे पास 5, 15 या 50 हजार फॉलोअर्स थे तब भी मैं उतनी ही खुश थी और आप सभी की आभारी थी, जितनी मैं आज हूं । मैं वास्तव में विश्वास करती हूं कि हमारा जीवन उन रिश्तो से बना है।

नमक हलाल के रीमेक में काम करेंगे वरुण धवन!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरूण धवन सुपरहिट फिल्म नमक हलाल के रीमेक में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड फिल्मकार मुराद खेतानी वर्ष 1982 में प्रदर्शित फिल्म 'नमक हलाल' का रीमेक बनाने जा रहे हैं। प्रकाश मेहरा के निर्देशन में बनी नमक हलाल में अमिताभ बच्चन, स्मिता पाटिल, शशि कपूर और परवीन बॉबी ने लीड रोल बनाए थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।

अमिताभ ने शेयर की दुल्हन बनीं कैटरीना की तस्वीर



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने बार्बी गर्ल कैटरीना कैफकी दुल्हन के लिबास में एक तस्वीर शेयर की है। अमिताभ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वह आए दिन फैंस के साथ पुरानी यादें शेयर करते हैं। अमिताभ ने कैटरीना कैफके साथ एक पुरानी तस्वीर शेयर की। शेयर की इस तस्वीर में कैटरीना दुल्हन के जोड़े में नजर आ रही हैं। कैटरीना ऑफव्हाइट कलर के लहंगे में नजर आ रही हैं। वहीं, अमिताभ बच्चन भी मैचिंग शेरवानी में नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ अमिताभ बच्चन ने बेहद ही खूबसूरत कैप्शन लिखा। उन्होंने लिखा, ÷अचानक हमें एक तस्वीर मिल गयी है, ढूंढा नहीं हमने ,पन्ना पलटते मिल गयी है; सोचा, देवी जी गहनों में अच्छी लग रही हैं, नीचे बैठे मान्यवर, हमी हैं , हमी हैं। अमिताभ बच्चन और कैटरीना कैफ फिल्म ठग्स ऑफहिन्दोस्तान में साथ काम कर चुके हैं। अमिताभ इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति सीजन 12 को भी होस्ट कर रहे हैं। वह आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के साथ फिल्म ब्रह्मास्त्र और नागराज मंजुले की झुंड में भी दिखाई देंगे। कैटरीना फिल्म सूर्यवंशी में नजर आने वाली हैं।

स्टोक्स ने 60 गेंदों पर नाबाद 107 रन में 14 चौके और तीन छक्के लगाए

राजस्थान की मुंबई पर जीत से उम्मीदें कायम

अबु धाबी (वार्ता)। आलराउंडर बेन स्टोक्स (नाबाद 107) की जबरदस्त शतकीय पारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने विशाल स्कोर का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस को रविवार को आठ विकेट से हराकर आईपीएल के प्लेऑफ के लिए अपनी उम्मीदों को कायम रखा। मुंबई ने हालांकि हार्दिक पांड्या की सात छक्कों से सजी नाबाद 60 रन की आतिशी अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में पांच विकेट पर 195 रन का मजबूत स्कोर बनाया लेकिन राजस्थान के मास्टर स्ट्रोक यानी स्टोक्स ने संजू सैमसन (नाबाद 54) के साथ 152 रन की मैच विजयी अविजित साझेदारी कर अपनी टीम को उम्मीदों वाली जीत दिला दी। राजस्थान ने 18.2 ओवर में ही दो विकेट पर 196 रन बनाकर मैच जीत लिया।

स्टोक्स ने 60 गेंदों पर नाबाद 107 रन में 14 चौके और तीन छक्के लगाए जबकि सैमसन ने 31 गेंदों पर नाबाद 54 रन में चार चौके और तीन छक्के लगाए। रोबिन उथप्पा के 13 और कप्तान स्टीवन स्मिथ के 11 रन बनाकर आउट होने के बाद स्टोक्स और सैमसन ने मोर्चा संभाला और तीसरे विकेट के लिए 152 रन की अविजित साझेदारी की और अपनी टीम को जीत दिला कर ही दम लिया। स्टोक्स को उनकी मास्टर पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। स्टोक्स ने 19वें ओवर की पहली दो गेंदों पर छक्का और चौका मारकर मैच समाप्त कर दिया। राजस्थान को 12 मैचों में यह पांचवीं जीत है और वह 10 अंकों के साथ आखिरी स्थान से उठकर छठे स्थान पर पहुंच गया है। हालांकि राजस्थान को प्लेऑफ के लिए अपने शेष दो मैच जीतने हैं और दूसरी टीमों के परिणाम पर भी नजर रखनी है। टूर्नामेंट में यह लगातार तीसरा मौका है जब 14 अंक बना चुकी टीम को हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हार का सामना करना पड़ा था। इस क्रम में मुंबई का नाम भी जुड़ गया है। मुंबई की 11 मैचों में यह चौथी हार है। मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अपने-अपने शेष तीन मैचों में एक जीत हासिल करने की जरूरत है। इससे पहले हार्दिक ने मात्र 20 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया जो इस सत्र का उनका पहला अर्धशतक था। हार्दिक ने मात्र 21 गेंदों पर दो चौकों और सात छक्कों की मदद से नाबाद 60 रन बनाये।

शारजाह में होगा महिला टी-20 चैलेंज

दुबई (वार्ता)। आईपीएल के प्लेऑफ जहां दुबई और अबु धाबी में खेले जाएंगे वहीं तीन टीमों का महिला टी-20 चैलेंज टूर्नामेंट शारजाह में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को महिला टी-20 चैलेंज के कार्यक्रम की घोषणा की। इस टूर्नामेंट में कुल चार मैच होंगे जो चार, पांच, सात और नौ नवम्बर को खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में तीन टीमें सुपरनोवास, वेलोसिटी और ट्रेलब्लेजर्स हिस्सा लेंगी। चार नवम्बर को सुपरनोवास और वेलोसिटी, पांच नवम्बर को वेलोसिटी और ट्रेलब्लेजर्स तथा सात नवम्बर को सुपरनोवास और ट्रेलब्लेजर्स का मुकाबला होगा। फाइनल नौ नवम्बर को होगा।

पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार 24वें दिन स्थिर

नई दिल्ली (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बावजूद घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल के दामों में सोमवार को लगातार 24वें दिन भी दोनों ईंधन के दामों में कोई घटबढ़ नहीं हुई। विश्व भर में कोरोना वायरस (कोविड-19) के मामले बढ़ रहे हैं। इस कारण से कच्चे तेल की मांग काफी घट गई है और कच्चे तेल का दाम एक बार फिर से 40 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया। डीजल के दाम में अंतिम बार कटौती दो अक्टूबर को हुई थी, जबकि पेट्रोल की कीमत पिछले 34 दिन से स्थिर हैं। पेट्रोल की कीमत में आखिरी बार 22 सितंबर को सात से आठ पैसे प्रति लीटर की गिरावट देखी गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हालांकि कच्चे तेल की कीमत में लगातार नरमी देखने को मिली। अमरीका और यूरोप में कोरोना वायरस की दूसरी लहर की वजह से मांग को लेकर चिंता है।

राज्य योजना आयोग छत्तीसगढ़
योजना भवन, नार्थ ब्लाक, कैपिटल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-19
नवा रायपुर, अटल नगर छत्तीसगढ़

टेलीफैक्स : 0771-2511223, 0771-2511232 ईमेल- ms.cgspc@nic.in
क्रमांक 1345-46/F1-1/ रायोआ/वाहन/2020/ नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 26/10/2020

वाहन किराये पर लिये जाने हेतु निविद आमंत्रण सूचना

छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग, नवा रायपुर अटल नगर हेतु 01 वाहन किराये पर लिए जाने हेतु दिनांक 04.11.2020 को अपरान्ह 12.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की समय सारणी एवं अभिलेख निर्धारित शुल्क प्रदाय कर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा राज्य योजना आयोग की वेबसाईट www.spc.cg.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

सदस्य सचिव
संवाद-26800/1 राज्य योजना आयोग छत्तीसगढ़

नाम परिवर्तन

मैं समीर कुतुब सिद्दिकी पिता कुतुब उद्दिन, उम्र 42 वर्ष निवासी प्लाट नं. 08, वार्ड-8 शहनाज निवास शिक्षक नगर कोहका सुपेला भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूं।

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। 2. यह कि मेरे स्वयं के पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम SAMIR KUTUB SIDDIQUI अंकित हो गया है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा वास्तविक व सही नाम- समीर कुतुब सिद्दिकी SAMEER QUTUB SIDDIQUI है जो कि सही एवं सत्य है।3. यह कि SAMIR KUTUB SIDDIQUI व SAMEER QUTUB SIDDIQUI ये दोनों मेरे स्वयं का नाम है तथा मैं एक ही व्यक्ति हूं जो कि सही एवं सत्य है तथा मैं SAMEER QUTUB SIDDIQUI S/O QUTUB UDDIN के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाता हूं। 4. यह कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SAMEER QUTUB SIDDIQUI S/O QUTUB UDDIN निवासी-प्लाट नं. 08, वार्ड-8 शहनाज निवास शिक्षक नगर कोहका सुपेला भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना नाम यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम SAMEER QUTUB SIDDIQUI S/O QUTUB UDDIN रख लिया है अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम SAMEER QUTUB SIDDIQUI S/O QUTUB UDDIN से ही जाना व पहचाना जावे। 5. यह कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी सही एवं सत्य है तथा किसी भी तथ्य को छुपाने का प्रयत्न नहीं किया गया है। किसी भी तथ्य के असत्य या गलत पाए जाने पर उसकी समस्त जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी। 6. यह कि यह शपथ पत्र सक्षम प्राधिकारी के समक्ष उक्ताशय की जानकारी के संबंध में प्रस्तुत करता हूं। अतः शपथ पत्र पेश है।

शपथकर्ता
समीर कुतुब सिद्दिकी

सीएसए बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष समेत छह सदस्यों ने दिया इस्तीफा

जोहानसबर्ग (वार्ता)। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष बेरेस्फोर्ड विलियम्स समेत कम से कम छह सदस्यों ने अपने पद से रविवार को इस्तीफा दे दिया। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट की शीर्ष निर्णयकारी परिषद ने गुरुवार को बोर्ड के सभी सदस्यों को इस्तीफा देने के लिए कहा था। परिषद के इस आदेश का पालन करते हुये आज बोर्ड के छह सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया।

इस्तीफा देने वाले बोर्ड के सदस्यों में कार्यवाहक अध्यक्ष बेरेस्फोर्ड विलियम्स भी शामिल हैं जिन्होंने अगस्त में क्रिस नेन्जानी की जगह ली थी। विलियम्स के इस्तीफे के बाद सीएसए बोर्ड में कार्यवाहक अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया है। परिषद ने देश में क्रिकेट की स्थिति और सीएसए को लेकर गुरुवार को बैठक के बाद बोर्ड के सभी सदस्यों को इस्तीफा देने के लिए कहा था। उस समय बोर्ड के किसी भी सदस्य ने इस्तीफे की पेशकश नहीं की थी और सीएसए ने एक बयान जारी कर इसकी पुष्टि भी की थी। आज हुई दूसरी बैठक में विलियम्स समेत डोनोवन मे, टेबोगो सिको, एंजेलो कारोलिसेन, जॉन मोगोडी और डेवेन धर्मलिंगम ने बोर्ड की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

अंत में कोई जीतता तो कोई हारता ही है: पोलार्ड

अबु धाबी (वार्ता)। राजस्थान रॉयल्स से हारने के बाद मुंबई इंडियंस के कार्यवाहक कप्तान कीरोन पोलार्ड ने कहा कि हमारे गेंदबाजों ने अच्छी कोशिश की लेकिन विपक्षी टीम ने बहुत अच्छा खेला और अंत में कोई जीतता तो कोई हारता ही है।

मुंबई इंडियंस ने रविवार को हार्दिक पांड्या की सात छक्कों से सजी नाबाद 60 रन की अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में पांच विकेट पर 195 रन का मजबूत स्कोर बनाया लेकिन राजस्थान रॉयल्स के बेन स्टोक्स (नाबाद 107) ने संजू सैमसन (नाबाद 54) के साथ 152 रन की साझेदारी कर अपनी टीम को उम्मीदों वाली जीत दिला दी। राजस्थान ने 18.2 ओवर में ही दो विकेट पर 196 रन बनाकर इस मैच को जीत लिया। पोलार्ड ने कहा, मुझे लगता है कि उन्होंने (राजस्थान रॉयल्स) अच्छी बल्लेबाजी की। हार्दिक पांड्या ने हमें मैच जीतने के कगार पर ला दिया था। हमें कुछ और विकेट मिल सकते थे लेकिन ऐसा हो नहीं सका। उनके स्पिनरों को पिच से कुछ मदद मिली लेकिन हमारे स्पिनरों के साथ ऐसा नहीं रहा।

उन्होंने कहा, ÷दिन के अंत में काई जीतता है तो कोई हारता ही है।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग- राजनांदगांव (छ.ग.)
मैनवुल प्रथम निविदा सूचना क्रमांक- 24

क्रमांक 1055/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2020-21 राजनांदगांव, दिनांक 23.10.2020

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र द में दर्शित जिसमें जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न पदों के स्वीकृत रु. 10.00 लाख से कम लागत के भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्यों का सम्पादन करना, हेतु दर प्राप्त करने जोनल निविदा दिनांक 06.11.2020 तक आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 06.11.2020 सायं 5.30 तक
जनपद पंचायत छुरिया	40.00	कार्यपालन कार्यपालन अभियंता ग्रा.यां.सेवा संभाग राजनांदगांव

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://resworks.gov.in में दिनांक 23.10.2020 से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग
जी-84537/3 राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 116/2020-21
वार्ड का नाम- ले. अरविंद दीक्षित-56

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ले. अरविंद दीक्षित-56 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ सी-66/529, शैलेन्द्र नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री शिवम एवं शुभम शर्मा दोनों पिता दीपक शर्मा के नाम से दर्ज है, जिसको 1. श्री आनंद कुमार शर्मा पिता स्व. गोविंद प्रकाश शर्मा 2. शुभम शर्मा पिता दीपक शर्मा ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.-139 दिनांक 23.10.20
वार्ड का नाम वार्ड-डा. खूबचंद बघेल- 68

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-68 स्थित भवन/भूमि सी-101 जो कि निगम अभिलेख में मेसर्स छुगानी बिल्डर्स फ्लैस क्र. सी/101 विजय कुमार छुगानी s/o स्व. पामन दास छुगानी के नाम से दर्ज है जिसको श्री सियाराम सिंग यादव s/o जीवा राम सिंग यादव ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी सेजबहार, जिला रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत भवन क्र. एलआईजी-1075, श्री देवेन्द्र कुमार मारकण्डेय पिता स्व. श्री अंकलहा मारकण्डेय के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का लीजडीड दिनांक 29.02.2008 को निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्री देवेन्द्र कुमार मारकण्डेय पिता स्व. श्री अंकलहा मारकण्डेय निवासी- आर.वी.एच. रेल्वे कालोनी, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती पूजा त्रिपाठी पति श्री चन्द्रशेखर त्रिपाठी, पता- कृष्णा पब्लिक स्कूल डुण्डा, जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन क्रेता श्रीमती पूजा त्रिपाठी पति श्री चन्द्रशेखर त्रिपाठी पता- कृष्णा पब्लिक स्कूल डुण्डा, जिला-रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/27 वर्ष 2019-20
आरंग दिनांक 09.07.2020
ग्राम परसकोल, प.ह.नं. 35

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवाधीन साहू पिता रमेशर साहू जाति तेली निवासी ग्राम परसकोल तहसील आरंग, जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पेश कर निवेदन किया गया है कि ग्राम परसकोल प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. समोदा/भैंसा/ आरंग स्थित खसरा नं. 304, 313, 532, 823, 1316, 1323 का रकबा 0.470, 0.140, 0.120, 2.160, 0.320, 0.160 हे. कुल खसरा 06 कुल रकबा 3.370 हेक्टर भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में अभिलिखित है। आवेदित भूमि का कास्त कब्जा के आधार खाता आवेदक एवं अनावेदक के नाम पर खाता विभाजन करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक के आवेदन पत्र पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति करना हो तो दिनांक 28/10/2020 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिति के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार एवं सुनवाई नहीं होगी।

यह ईश्तहार आज दिनांक 9/10/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सील आरंग

न्यायालय नायब तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/27 वर्ष 2019-20
आरंग दिनांक 09.07.2020
ग्राम परसकोल, प.ह.नं. 35

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका फुलेश्वर साहू पति देवाधीन साहू जाति तेली निवासी ग्राम परसकोल तहसील आरंग, जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पेश कर निवेदन किया गया है कि ग्राम परसकोल प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. समोदा/ भैंसा/ आरंग स्थित खसरा नं. 312 का रकबा 0.410 हे. कुल खसरा 1 कुल रकबा 0.410 हेक्टर भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में अभिलिखित है। आवेदित भूमि का कास्त कब्जा के आधार खाता आवेदिका एवं अनावेदकगणों के नाम पर खाता विभाजन करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक के आवेदन पत्र पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति करना हो तो दिनांक 28/10/2020 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिति के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार एवं सुनवाई नहीं होगी।

यह ईश्तहार आज दिनांक 9/10/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सील आरंग

SBI तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा
STRESSED ASSETS RECOVERY BRANCH
ब्लाक बी-1 पुजारी चैम्बर पचपेड़ी नाका के पास रायपुर
BLOCK B-1, PUJARI CHAMBER, NEAR PACHPEDI NAKA
Raipur (C.G.) Tel: 0771-4919726-27-28-29-30 Fax : 0771 4919730

नीलामी सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि एवं ब्याज तथा अन्य खर्चों की वसूली हेतु ''जहां है, जैसा है जो कुछ भी है'', के आधार पर बैंक के पक्ष में दृष्टिबंधक वाहनों/मशीनरी की बिक्री नीलामी के द्वारा की जाएगी।

क्र.	ऋणी/जमानतदार का नाम	दृष्टिबंधक वाहनों/ मशीनरी का विवरण	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य/EMD
1	मे. पुलर ट्रांसपोर्ट एंड ट्रेडिंग कंपनी प्रोप. श्री सुबेग सिंह पुलर पिता फौजा सिंह	TRUCK MAKE, EICHER RHD 4040E (2013) CG04 JD 4213 ENG No. 31D84105225 CHASIS NO. MC250ERC0DD000657 Localed at Raipur	Rs. 25,47,982.00 as on 02.05.15 interest there on wef 02.05.15 expenses & costs	Rs. 0.74 lacs EMD Rs. 7,400/- Bid increase Rs. 5000/-
2	श्री जसबीर सिंह पिता श्री जगतार सिंह	TRUCK MAKE EICHER, RHD 4040E (2013) CG04 JD 4881 ENG NO.31D 84106227 CHASIS NO. MC 250ERC0 DD000667 Located at Raipur	Rs 23,92,546.00 as on 21.05.15 interest there on wef 21.05.15 expenses & Costs	Rs. 0.83 lacs EMD Rs. 8,300/- Bid increase Rs 5000/-
3	श्री पंकज बाजोरिया पिता श्री सांवरमल बाजोरिया	CAR SKODA SUPERB 1.8 ELEGANCE MT. WHITE SEDAN, REGISTRANTION NO. CG-10-FA-8603 YOM 2014, CHASIS NO TMBBBA3T5EA300262, ENGINE NO. CDA438855 LOCATED AT Bilaspur	Rs. 21,73,436.00 as on 17.08.17 interest there on wef 17.08.17 expenses & costs	Rs. 4.26 lacs EMD Rs. 42,600/- Bid increase 5000/-
4	मे. स्टेयर वेचर प्रो. श्री हरीश कुमार अग्रवाल पिता स्व. श्री सुरेश कुमार अग्रवाल	PLANT & MACHINERY RO PLANT POUCH MACHINE LABELLING MACHINE SS TNAK AT VILLAGE NANDAURI VIA CHARODA BHILAI DIST DURG C.G.	Rs.25,59,107.00 as on 16.08.14 interest there on wef 16.08.14 expenses & costs	Rs. 0.70 LACS EMD Rs. 7,000/- Bid increase Rs. 5000/-

1. आवेदन फार्म, EMD एवं KYC दस्तावेज (टेंडर) जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 27.11.2020 को शाम 4.30 बजे तक।
2. वाहन/मशीनरी निरीक्षण की तिथि एवं समय : दिनांक 27.10.2020 से 27.11.2020 तक सुबह 11.00 से शाम 4.00 बजे तक।
3. नीलामी (टेंडर खोलने) की तिथि, समय एवं स्थान : दिनांक 01.12.2020 को सुबह 11.00 बजे से शाम 4.30 बजे के मध्य SARB शाखा ब्लाक बी-1 पुजारी चैम्बर पचपेड़ी नाका, रायपुर में।
4. बैंक बिना कारण बताए नीलामी को निरस्त/स्थगित आदि करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

नोट :- नीलामी की विस्तृत नियम एवं शर्तें जानने तथा निविदा फार्म प्राप्त/ जमा करने हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी श्री के.के. हनवटे (मोबाइल नं. 7747002461) में उपरोक्त अवधि के बीच कार्यालयीन समय में संपर्क करें।

स्थान : रायपुर
दिनांक : 27.10.2020 प्राधिकृत अधिकारी : भारतीय स्टेट बैंक, सार्ब रायपुर

परम्परागत रूप से निकली माँ काली की झांकी, महिषासुर वध के बाद जला रावण

नवागढ़। विजय दशमी पर प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से दशहरा का पर्व मनाया गया। कोरोना के भय को लोगो के उत्साह ने मात दे दी। नवागढ़ नगर में परम्परा की तरह माँ काली की भव्य झांकी डॉ चौधरी के निवास से निकली,जहाँ नगर के प्रधान विकास धर दीवान ने काली मां का प्रथम पूजन किया।जिसके पश्चात माँ काली का जीता जागता स्वरूप एक हाथ में खप्पड़ और दूसरे हाथ मे तलवार लिए महिषासुर से लड़ाई करते हुए,हनुमान,जामवंत सहित अन्य देव स्वरूपो व पुजारियों के साथ निकले। माँ महामाया मन्दिर में काली मां का पूजन किया गया,जिसके बाद भीषण युद्ध के लिए पूरा दल मनाबन तालाब की ओर रवाना हुआ। युद्ध स्थल पर संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे, नगर पंचायत अध्यक्ष

तिलक घोष एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शक्तिधर दीवान सहित पार्षदगण ने माता को प्रणाम किया।

ज्ञात हो कि दशहरे के रोज मानाबंद तालाब के किनारे काली माता और महिसासुर का भीषण युद्ध होता है,जो पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है। जिसे देखने हजारों की संख्या में दर्शक तालाब के चारों ओर इकट्ठे होते है। यद्ध के अंत मे माँ काली ने महिषासुर का वध किया,फिर पूरी टोली काली मां के जयकारों के साथ तालाब चक्कर लगाते हुए वापस हुई।वापसी के दौरान श्रद्धालुओं ने माँ काली का पैर स्पर्श कर आशीर्वाद लिया तो कई महिलाएँ माँ काली के रास्ते पर लेट गयी ताकि वे उनसे होकर गुजरे।

आनंद रावण संवाद का हुआ मंचन

मानाबंद में लंका दहन पश्चात राम लक्ष्मण एवं रावण सहित समस्त पात्र नगर के प्रमुख मार्ग से बस स्टैंड स्थित सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के मंच पर पहुँचे, जहाँ परंपरानुसार अंगद रावण संवाद का मंचन किया गया। धीरे धीरे जैसे ही शाम हुई वैसे ही गौठान पर खड़े रावण के पुतले का विधायक गुरुदयाल बंजारे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विधिवत पूजन कर दहन किया। चारो तरफ आतिशबाजियों का शोर रहा।

विधायक बंजारे ने कहा कि दशहरा का पर्व असत्य पर सत्य की जीत, अंधकार पर प्रकाश की जीत और अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है यह पर्व हमें अपने अहंकार तथा बुराई को समाप्त कर अच्छाई तथा सत्य की राह पर चलने का सीख देता है जब तक हमारे समाज, आस-पास तथा स्वयं में जो बुराई है वह समाप्त नहीं होगी तब तक हम और हमारा समाज आगे नहीं बढ़ पाएगा। इसलिए समाज में अहंकार, बुराई तथा असत्य के प्रतीक रावण का नाश जरूरी है, तभी हम आगे बढ़ पाएंगे।

गणेश धुव ने पंडरी सेक्टर कार्यकर्ताओ की ली बैठक

भाटापारा। मरवाही विधानसभा के पंडरी सेक्टर में सभी बूथ अंतर्गत आने वाले ग्रामो के ग्रामीण जनों व कांग्रेस जनो के बीच कांग्रेस प्रत्याशी डॉ के के ध्रुव के पक्ष में सेक्टर प्रभारी व प्रदेश कांग्रेस सचिव गणेश सिंह ध्रुव व जनक राम ध्रुव (बिंद्रा नवागढ़ कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी) ने बैठक ली ।इस दौरान प्रदेश सचिव ने कार्यकर्ताओ का हौसला और मनोबल बढ़ाते हुए कहा की इस क्षेत्र का विकास आप सब लोगो की इक्षा के अनुरूप होगा।। गणेश धुव ने सभा लेते राज्य की भूपेश सरकार व प्रदेशाध्यक्ष मोहन मरकाम के नेतृत्व की उपलब्धि व मरवाही उप चुनाव पूर्व ही मरवाही की जनता को सौगात देते 15 वर्षों की भाजपा सरकार व मरवाही विधायक की निष्क्रियता से जनता को उबारते पेंड्रा - मरवाही को जिले की सौगात सहित लगभग 350 करोड़ रु के विकास कार्यो की स्वीकृति,उप तहसील,नगर पंचायत,नगर पालिका विकास कार्यो का लेखा जोखा गिनाते हुए कहा की इस मरवाही के विकास के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रतिबद्ध है और उन्होंने सरकार की मंशा स्पष्ट करते राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान जोन प्रभारी वरिष्ठ कांग्रेसी ओमबति पेंद्रों, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस अजीत बाजपेई,पंडरी बूथ प्रभारी रविशंकर मांझी,धरहर बूथ प्रभारी उग्रसेन,राजकुमार कैवर्त युंका सोशल मीडिया प्रभारी, कांग्रेस नेता चंदू साहू सहित सेक्टर ,बूथ प्रमुख सहित कांग्रेसजन व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

60 पाव देशी मशाला शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा। मोटरसायकल में शराब का परिवहन करते हुए शहर पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़कर उसके कब्जे से 60 पाव देशी मसाला नकदी और मोटरसायकल जब्त करते हुए उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

उपरोक्त सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए थाना शहर प्रभारी महेश धुव ने बताया की।पुलिस अधीक्षक आई.के.एलेसेला के द्वारा अवैध शराब जुआ , सट्टा के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु मिले निर्देश के बाद पुलिस ने मुखबीर की सुचना पर शिव कुमार ऊर्फ मिथुन महिलागे को मो.सा. ष्टत्र 22 ॥ 2309 में एक सफेद प्लास्टि झोला में सिद्ध बाबा शराब भट्ठी से काफी मात्रा में शराब बिक्री हेतु लेकर जाते हुए पकड़ा। उक्त व्यक्ति के झोला को चेक करने पर उक्त झोला में कुल 60 पाव देशी मशाला शराब प्रत्येक शीशी में 180 स्रु शराब भरी हुई सीलबंद कुल 10.800 बल्क लीटर शराब किमती 5400 रूपये रखे मिला गिनती पंचनामा तैयार किया गया एवं मोटर सायकल क्रमांक ष्टत्र 22 ॥ 2309 ॥स्र ष्ठश्वरु्ग किमती 40,000 रूपये जुमला किमती 45,400 रूपये को जब्त कर उसके खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही मे प्र.आर. राज कुमार ठाकुर ,आर राम नरायण वर्मा, अभिषेक बक्स का विशेष योगदान रहा है ।

जुआ खेलते चार पकड़ाए, 1450 नगदी जप्त

भाटापारा। पुलिस अधीक्षक आई.के.एलेसेला के द्वारा थाना क्षेत्रो में अवैध शराब जुआ, सट्टा के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु मिले कडे निर्देश के बाद करही बाजार चोकी पुलिस ने ताश पत्ती का जुवा खेलते 4 लोगो को पकड़कर उनके कब्जे से कुल 1450 रूपये जब्त किये है। उन सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उपरोक्त सम्बन्ध में जानकारी देते हुए करही बाजार चोकी प्रभारी

उमेश वर्मा ने बताया की मुखबीर से सुचना मिली की करहिबाज़ार नदिया कछार में ताश पत्ती का जुआ खेल रहे है, सुचना पर पहुँची पुलिस घेराबंदी कर कार्यवाही किया गया। जिसमे पुलिस को देख कर खुला जगह का फायदा उठाकर कुछ जुआरी भाग गए मौके पर *01 राजेन्द्र टंडन पिता भानुप्रकाश उम्र 52 वर्ष 02 अनुज कुमार निषाद पिता मंगलू उम्र 32 वर्ष 03. भीमबली सोनी पिता गेंद राम उम्र 40 वर्ष 04.विशम्भर पटेल पिता मेहरू पटेल उम्र 48 वर्ष सभी साकिनान करहिबाज़ार* को पकड़ा गया, जिनसे 1450 रुपये नगद 52 पत्ति ताश जप्त किया गया। उन सभी के खिलाफ अपराध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

जिला योजना समिति कबीरधाम के 8 सदस्यों के निर्वाचन 6 नवंबर को

कवर्धा। जिला योजना समिति कबीरधाम के 8 सदस्यों के निर्वाचन हेतु छत्तीसगढ़ जिला योजना समिति नियम 1998, नियम 4 के अंतर्गत नगरीय निकायों तथा जिला पंचायत के निर्वाचित सदस्यों का सम्मिलन आगामी 6 नवंबर को जिला पंचायत कबीरधाम के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। नगरीय निकायों से एक सदस्य का निर्वाचन सबेरे 10 बजे से और ग्रामीण क्षेत्र से सात सदस्यों का निर्वाचन दोपहर 3 बजे से किया जायेगा।

फोटोयुक्त मतदाता सूची का लेजर प्रिंटिंग का कार्य के लिए निविदा आमंत्रित

कवर्धा। कबीरधाम जिले के विधानसभा क्षेत्र 71 पंडरिया के 393 एवं विधानसभा क्षेत्र 72 कवर्धा के 409 कुल 802 मतदान केन्द्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूची का लेजर प्रिंटिंग का कार्य किया जाना है। इस हेतु आगामी पांच नवंबर को दोपहर 3 बजे तक सीलबंद निविदाएं कार्यालय के कक्ष क्रमांक 23 सामान्य निर्वाचन शाखा में आमंत्रित की गई है। निविदाएं इसी दिन सायं 4 बजे खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समय में इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती ह

दशहरा मैदान में 10 फीट का रावण दहन कर मनाया गया विजयादशमी

भाटापारा। बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा का तयोहार सोमवार को गया इस दौरान रावणभाठा मैदान में महापर्व विजयादशमी कोरोना के चलते प्रतीकात्मक रूप से रावण दहन रामलीला मण्डली के पात्रो द्वारा किया गया।

रावण दहन पर हर साल जैसा नजारा नहीं रहा , हर साल अधिक संख्या में लोग रावण दहन के साक्षी बनते थे। इस बार का यह दृश्य अलग ही रहा , प्रशासन द्वारा गाइडलाइन जारी किया गया है कि सीमित संख्या में लोग ही शामिल हो सकेंगे उससे ज्यादा की अनुमति नहीं दी गयी । कोविड-19 की विषम परिस्थिति में इस वर्ष राज्य सरकार व जिला प्रशासन द्वारा प्रदत्त कोरोना गाईड लाईन के अनुसार दशहरा पर्व के दिन रावण दहन की परंपरा का प्रतीकात्मक रूप से निर्वहन किया गया । दशहरा पर कानून व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए सभी से आग्रह किया गया की अपने घर पर रहे और सुरक्षित रहे टी. वी. चैनलों के माध्यम से सब घर में रहकर दशहरे में रावण दहन का आनंद उठावें ।

इस बार मात्र 10 फिट का रावण पुतला दहन हुआ

लंकापति रावण के पुतले जो पहले 45-50 फीट का हुआ करता था , आज कोरोना वायरस के कारण इस बार का लंकापति रावण के पुतले निर्धारित 10 फीट का था , जो संध्या राम लक्ष्मण हनुमान के व्दारा संध्या 5.45 बजे रावण का दहन किया गया । रावण दहन

के बाद उपस्थित लोगों के व्दारा एक दूसरे को पर्व की बधाई दी गई। हालांकि, इस बार कोरोना वायरस संक्रमण के चलते बड़े आयोजनों की अनुमति नहीं थी। सीमित संख्या में ही लोगों को मंजूरी दी गई। रामलीला मंडली भाटापारा व्दारा इस साल भव्य आयोजन की जगह सांकेतिक रूप से रावण का पुतला दहन कर दशहरा पर्व मनाया।

कोविड-19 की विषम परिस्थिति के चलते इस बार मात्र अकेल लंकापति रावण का पुतला दहन किया गया ,जब कि इसके पहले दशहरे के दिन लंकापति रावण, मेघनाथ, कुंभकरण के पुतलों का दहन किया जाता था ।

दर्शको की संख्या सीमित ज

कोविड -19 के चलते इस बार के दशहरा उत्सव में दर्शको संख्या सीमित रहा ,जबकि पहले बच्चों से लेकर बड़े-बूढ़े दूर से ही रावण दहन को देखने रावण भाठा मैदान हजारों की संख्या में लोग पहुंचते थे लेकिन इस बार शासन के गाईडलाईन व दिशा निर्देश के चलते इस मैदान में दर्शको की संख्या सीमित रहा । वहीं, कोरोना महामारी से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए रावण भाठा मैदान में आयोजित दशहरा पर्व के अवसर पर प्रशासन के व्दारा लोगों को सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुये दो गज की दूरी मास्क है जरूरी का ध्वनि प्रसारण यंत्र के माध्यम से किया जा रहा था ।

इनकी थी उपस्थिति

रावण भाठा मैदान में रावण दहन के अवसर पर विधायक शिवरतनशर्मा ,कांग्रेस नेता सतीश अग्रवाल,नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा सहित पार्षदगण व एल्डरमेन के अलावा नगरपालिका के अधिकारी गण, ,अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल,एसडीएम महेश सिंह राजपूत, एसडीओपी के पी द्विवेदी ,शहर थाना प्रभारी महेश ध्रुव, तहसीलदार मयंक अग्रवाल, नगरपालिका अधिकारी आशीष तिवारी के अलावा सीमित संख्या में दर्शकों की उपस्थिति थी । रावण का पुतला दहन होने के पश्चात उपस्थित लोगों के व्दारा एक दूसरे को दशहरा पर्व की बधाई व् शुभकामनायें दी गई।

विजयादशमी को विसर्जित की गई दुर्गा प्रतिमा

खरोरा। नौ दिन दुर्गा प्रतिमाओं को पूरे विधि विधान से पूजा करने के बाद आज दशमी को विसर्जित किया गया। इस बार नवरात्रि में श्रद्धा और आस्था कोरोना भारी रही । नवरात्र का पावन पर्व सोमवार को माता की प्रतिमा के विसर्जन के साथ किया गया । सभी दुर्गा प्रतिमाओं का शीतला तालाब तट पर पूजा अर्चना कर माता भक्तों ने नम आंखों से विदाई दी । विसर्जन के दौरान नगर में बड़ी संख्या में नगर वासी विदाई देने तालाब पर जूटे । लोगों के अनुसार हर भक्त माता से एक ही मनोकामना मांगी है कि यह कोरोना काल जल्द से जल्द समाप्त हो और मानव जीवन पुनः सुखद की ओर पूर्व की भांति वापस हो ।

कोराना में भी हुआ रावण दहन

ख़रोरा। असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा व ग्राम केशला के वार्ड क्रमांक 2 में कोविड-19 को देखते हुए धूमधाम से मनाया गया । रावण दहन के बाद लोगों ने अच्छाई की बुराई पर जीत की बधाई दी भगवान राम के जय जयकार लोग लगाते रहे । नवरात्र के साथ अंचल में दशहरा धूमधाम से मनाया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

विधानसभा का विशेष..

करने की नसीहतें दी गई। विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र को लेकर आज शाम 7 बजे कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। मुख्यमंत्री निवास में यह बैठक हुई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के नए कृषि कानून और धान खरीदी के मुद्दों पर अहम चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि विशेष सत्र से पहले आज सुबह कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में सरकार ने कई अहम मुद्दों पर फैसले लिए हैं। बैठक में कृषि मंडी संशोधन विधेयक के प्रारूप का अनुमोदन किया गया है। इसकी जानकारी कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे ने मीडिया को दी।

राज्य उत्सव के दिन..

कहा कि हम किसानों के लिए जो करना पड़ेगा हम करेंगे। बता दें कि भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कर्ज को लेकर तंज कसा था। इस पर जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि हम किसानों के लिए कर्ज ले रहे। बीजेपी ने स्काई वॉक, एक्सप्रेस वे जैसे भ्रष्टाचार के लिए कर्ज लिया था। मंत्री ने कहा कि हमारी पूरी कोशिश है कि छत्तीसगढ़ के किसानों का शोषण होने नहीं देंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने कृषि मंडी संशोधन विधेयक के प्रारूप का आज कैबिनेट की बैठक में अनुमोदन किया। कहा कि हम छत्तीसगढ़ के किसानों को उनका हक दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। अगर कर्ज लेने होंगे तो वो भी लेंगे। मंत्री ने कहा कि हमने प्रावधान किया है कि किसान शोषण से मुक्त हो।

जल जीवन मिशन के...

राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के पुनर्गठन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी (संशोधन) विधेयक-2020 को सदन के पटल पर रखने के लिए मंगलवार 27 अक्टूबर तथा बुधवार 28 अक्टूबर को विधानसभा का विशेष सत्र भी बुलाया गया है।

केन्द्र से मिली राशि...

हित में हैं। टेंडर निरस्त करने के पीछे की कहानी है केंद्र से मिले 7 हजार करोड़ रुपए। पारदर्शिता नहीं है, हर कोई इस सरकार में अपने हिस्से के लिए लड़ रहा है। केंद्र से मिली राशि की बंदरबांट शुरु हो गई है यह एक गंभीर विषय है।

टेंडर के जरिए ही...

जरिए भ्रष्टाचार हो यह सरकार की पहली प्राथमिकता है। किसानों के लिए नए कानून बनाने को लेकर विशेष सत्र भी सरकार की नीजि जरुरत पूरी करने वाली ही साबित होगी। गरीब, आदिवासी, किसान और विकास से भूपेश सरकार और कांग्रेस पार्टी का कोई लेनादेना नहीं है।

पीएम मोदी ने किया...

मोहम्मद बरकिंडो और सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री अब्दुल अजीज बिन सलमान ने भी संबोधित किया और भारत के साथ अच्छी पार्टनरशिप निभाए जाने की बात कही। आइए जानते हैं पीएम मोदी ने इस कार्यक्रम में क्या-क्या कहा।

पीएम बोले- हमने करीब 24 हजार करोड़ रुपये सालाना बचाए। भारत क्लीन एनर्जी इन्वेस्टमेंट के लिए सबसे आकर्षक मार्केट है। भारत दुनिया के हित को ध्यान में रखकर काम करता है और अपने लक्ष्य को हासिल करता है। भारत पूरी दुनिया के मुकाबले कम कार्बन एमिशन वाले देशों में से है। एनर्जी सेक्टर में बहुत सारे अच्छे बदलाव हुए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि वह वन नेशन वन गैस ग्रिड बनाना चाहते हैं। लंबे समय से दुनिया ने कच्चे तेल के दाम बढ़ते हुए देखे हैं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400719

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती पूर्णिमा बाई जौ. मदन गोपाल निवासी गवलीपारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 08 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 43/117 रकबा 0.017 हें/ 1820 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-74/ वर्ष 2019-20
ई.पंजी.-2020101020056

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुष्यंत कुमार पिता सूर्यकांत निवासी भानपुरी तह. व जिला दुर्ग के द्वारा शामिलात खाता में ग्राम भानपुरी खसरा नंबर 109, 111, 524, 599, 602, रकबा क्रमशः 0.230, 0.370, 0.070, 0.350, 0.410 हे. एवं खसरा नंबर 523, 595, 596, 609, 725, 836 कुल रकबा 3.660 हे. भूमि का खाता विभाजन कर अलग- अलग ऋणपुस्तिका प्रदाय किया जा चुका है। चारो भाई बहन की कृषि भूमि का कम्प्यूटर दुरुस्ती तथा नक्शा बटांकन नह किया गया है जिसे सुधार कर अभिलेख दुरुस्त किये जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 28.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400657

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका रेखा गुप्ता जौ. अनिल कुमार गुप्ता निवासी प्लाट नं. 74/2 वी.आई.पी. नगर रिसाली भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 601/9 रकबा 0.0110 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सांवली देवी गेण्ड्रे अन्य आ. अशोक कुमार गेण्ड्रे निवासी रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम घुघसीडीह तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 796 रकबा 0.3700 हें भूमि जो कि अशोक कुमार एवं बैशाखू के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी बैशाखु की मृत्यु 26.08.2020 एवं अशोक कुमार 08.01.2020 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.11.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400700/अ-02

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक जयशंकर सिंह आ. पारसनाथ सिंह निवासी मॉडल टाउन जुनवानी भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 193 रकबा 0.080 हें/ 8712 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400572

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक भगतराम मलिया आ. शंकरलाल मलिया निवासी स्ट्रीट नं. 38/ई रिसाली सेक्टर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 737/9 रकबा 0.02 हें/ 2035 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400575

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक गिरधर कोठारी आ. लोकनाथ कोठारी निवासी ग्राम कसीदा तह. गुण्डरदेही जिला बालोद द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 756/14 रकबा 0.02 हें/ 2354 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400708/अ-2

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका मनीषा राठी जौ. अशोक राठी निवासी संजय नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 16 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 417/8, 417/9 रकबा 0.013, 0.034 हें/ 4987 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400622

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक देवकांत साहू आ. स्व. निवासी सड़क 24 सेक्टर 04 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम अंजोरा प.ह.न. 28 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 148/5 रकबा 0.03 हें/ 2842 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202010100400623

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक अनिल कुमार मेहता आ. रामसुंदर मेहता निवासी मरोदा सेक्टर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 333/10 रकबा 0.02 हें/ 1900 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

माता की भव्य चुनरी यात्रा निकाल किया नगर भ्रमण

डोंगरगढ़। धर्मनगरी में सांउड एंव लाइट युनियन के नेतृर्त्व में शनिवार शाम भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई । यह यात्रा महावीर मंदिर प्रागण से गोलबाजार, बुधवारी पारा, रेल्वे चैक होते हुए भगतसिह चैक, जयस्तंभ चैक, से शीतला माता मंदिर पहुच पुजा आराधना के पश्चात समाप्त की गई रैली में माता के भक्तो द्वारा डी जे लाइट के साथ भजन कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण किया गया । बुधवारी पारा के सांउड व लाइट युनियन के अध्यक्ष पवन साहु, छवि साहु के नेतृर्त्व में इस चुनरी यात्रा में कोरोना काल को देखते हुए विशेष रूप से नियमो का पालन करते देखा गया । जगह जगह पर हैंडवांस एंव सेनीटाइजर की व्यवस्था की गई । अध्यक्ष पवन साहु के अनुसार विगत 7 से 8 महिनो से उनका काम पुरी तरह से प्रभावित था आर्थिक रूप से जुझ रहे सांउड एंव लाइट युनियन को यह पहला धार्मिक आयोजन का मौका मिला है नगर में पहली बार नवरात्री के अवसर पर निकाली गई भव्य चुनरी यात्रा को नगर में अच्छा प्रतिसाद मिला है भक्तो ने बडचढ कर इस यात्रा में हिस्सा लिया । कोरोना महामारी को लेकर भी लोग विशेष रूप से एतिहात बरतते रहे कुल मिलाकर इस तरह के आयोजन नगर में पहली बार होने से सांउड व लाइट युनियन का व्यवसाय करने वालो को एक मौका मिला सावधानी पूर्वक आगे भी इस तरह के आयोजन कराने का रास्ता खुल गया है।

छत्तीसगढ राज्य वन विकास प्राधिकरण कैम्पा संचालक मंडल के सदस्य बनने पर पंकज बांधव को दिए बधाई

गंडई पंडरिया। पंकज बांधव को वन संचालक मंडल के सदस्य बनने पर गंडई के कांग्रेसियों ने बधाई दिया है। जानकारी अनुसार अनुसूचित जाति विभाग जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष पंकज बांधव को छत्तीसगढ़ राज्य वन प्रबंधन योजना प्राधिकरण संचालक मंडल के सदस्य बनाये जाने पर गंडई कांग्रेसियों द्वारा एवं समाज के पदाधिकारी द्वारा बधाई दिया गया बधाई देने वाले में सतनामी समाज के राजमहंत एवं कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष महेश दास रात्रे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंडई के ब्लॉक अध्यक्ष साकेत दुबे, प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव रणजीत सिंह चंदेल, जिला युवा कांग्रेस के महासचिव एवं वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद दिलीप ओगरे, युथ कांग्रेस के खैरागढ़ विधानसभा अध्यक्ष मोहसिन खान, युवा कांग्रेस गंडई ब्लॉक अध्यक्ष शुभम बघेल, पार्षद भिझेश यादव, सूरज नामदेव, क्रांति ताम्रकार, लियाक़त अलि खान, चेतन देवांगन, डां.नारायण चतुर्वेदी एवं मिडिया प्रभारी अमित टंडन, विक्की टंडन, तानसेन साहू, दिनेश रजक, इसराइल खान, जस्सी महिलांगे, निरंजन धनकर ने बधाई दी।

ठण्डार बना कोरोना पाजीटिव जोन एक ही मोहल्ले में 19 लोग पाए गए कोरोना पाजीटिव

गंडई पंडरिया। गंडई सहित गंडई के आसपास के ग्रामो में एक दो की संख्या में कोरोना पाजेटिव केश यदा -कदा निकलता रहता है हालांकि गंडई में शुरुवाती दौर में पाजेटिव की संख्या थोक के भाव मे सामने आ रहा था जिसमे प्रशासनिक चुस्ती के चलते कुछ हद तक गिरावट आया है परंतु बीते कुछ दिनों में नगर के नजदीकी ग्राम पंचायत ठण्डार में कोरोना पाजेटिव की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुवा है। वर्तमान में अभी ठण्डार में लगभग तीन दिन में 19 पाजेटिव केश की संख्या हो चुका है। सूत्रों के अनुसार 2 दिनों में ही 19 पाजेटिव केश ठण्डार में पाया गया है जिसमे से कुछ को छुईखदान कोविड सेंटर रिफर किया गया है तो कुछ लोग होम आईशोलेशन में रखा गया है।

डौंडी थाने में विजयादशमी का पर्व मनाया गया

डौंडी। डौंडी थाने में विजयादशमी का पर्व मनाया गया. हर साल की तरह इस साल भी विजयादशमी उत्सव कोरोना की गाइडलाइन के तहत मनाया.सबसे पहले थाने की साफसफाई कर थाने के सभी शस्त्रो की पूजा अर्चना की और डौंडी थाना प्रभारी और थाना स्टाप ने देश और जिले की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की.थाना स्टाप ने कहा कि कोरोना वायरस का संक्रमण खत्म हो ऐसी प्रार्थना हमने ईश्वर से की है. हमारा देश कोरोना वायरस संक्रमण के कारण अपनी संस्कृतियों को नहीं निभा पा रहा है. यदि यह वायरस नहीं होता तो हमारे जीवन में पहले की तरह खुशियां होती और उत्सवों को धूमधाम से मना पाते,कार्यक्रम में थाना प्रभारी अनिल ठाकुर ,अरविंद साहू ,ओर थाने के समस्त स्टाप मौजुद रहे।

विजयादशमी के पावन पर्व पर रक्षित केन्द्र बेमेतरा में शस्त्र पूजा

बेमेतरा/साजा। रविवार को विजयादशमी के पावन पर्व पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षित केन्द्र बेमेतरा में कोरोना वायरस को ध्यान में रखते हुए शासन, प्रशासन द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल के द्वारा शस्त्र की पूजा की गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस, डीएसपी रामकुमार बर्मन, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, प्रशिक्षु डीएसपी श्रीमति नंदिनी पैकरा, सुबेदार/रक्षित निरीक्षक संजय सुर्यवंशी, थाना प्रभारी बेमेतरा निरीक्षक राजेश मिश्रा, थाना अजाक प्रभारी निरीक्षक अजय बैस, यातायात प्रभारी संजय सुर्यवंशी, आर्मोरर सउनि अमरेन्द्र सिंह, प्र. आर. अरविंद शर्मा, सतीश श्रीवास्तव, सुखेलाल बंजारे एवं रक्षित केन्द्र के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे तथा समस्त थाना/चौकी प्रभारियो के द्वारा भी अपने अपने थाना/चौकी में शस्त्र की पूजा की गई।

संयुक्त कलेक्टर को मिला अतिरिक्त प्रभार

बेमेतरा/साजा। कलेक्टर शिव अनंत तायल ने एक आदेश जारी कर जिला कार्यालय में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर के पूर्व कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक कार्य विभाजन आदेश जारी किया है। कलेक्टर द्वारा आदेशानुसार दुर्गेश कुमार वर्मा संयुक्त कलेक्टर को प्रभारी अधिकारी सिविल न्यायालय/जिला न्यायालय/उच्च न्यायालय संबंधी/लाईसेंस शाखा/सांख्यिकीय लिपिक शाखा/सांख्यिकी विविध और ज्ञापन/आयोग संबंधी पत्र/मानवाधिकार आयोग/चिटफन्ड/मीसाबंदी/स्वेच्छानुदान शाखा/संजीवनी कोष (नस्तियां अपर कलेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत की जावेगी) ।

सोशल मीडिया में रमन सिंह से पिछड़े कांग्रेस-भाजपा के दिग्गज नेता

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। भागदौड़ की इस जिंदगी में वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए सत्य और तथ्यात्मक तरीके से देश सहित पूरे विश्व में आम आदमी से लेकर बड़े-बड़े सेलिब्रिटी तक अपनी आवाज पहुंचाने का पहला मंच फेसबुक ट्विटर इंस्टाग्राम अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को माना जाता है। और इस अहम मंच पर कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कई दिग्गज नेता तत्कालीन सीएम रमन सिंह से पिछड़ गए हैं। लाखों की संख्या में रमन सिंह के फैन फॉलोअर्स बढ़ रहे हैं। तो वही कांग्रेश के दिग्गजों के फॉलोअर्स का आंकड़ा लगभग थम गया है । यही वजह है कि पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह सोशल मीडिया पर सक्रिय होकर । अपनी बात को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के अलावा अपने साथ जोड़ते भी नजर आ रहे हैं । रमन सिंह और भूपेश बघेल के फैन फॉलोअर्स मैं सबसे ज्यादा अंतर ट्विटर पर देखी जाती है। ट्विटर मैं फॉलोअर्स की बात करें तो पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को 20 लाख 30000 लोग फॉलो करते हैं। जबकि छत्तीसगढ़ मौजूदा सरकार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सिर्फ चार लाख 15000 लोग ही फॉलो करते हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू युवा मंत्री उमेश पटेल जैसे कई दिग्गज मंत्री भी यह मंच में बहुत पीछे हैं। मतलब प्रदेश के जनसंख्या अनुसार 10 प्रतिशत लोग भी भूपेश बघेल और कैबिनेट मंत्रियों की विचार और बातें से नहीं जान पाते जबकि छत्तीसगढ़ में ढाई करोड़ से भी अधिक जनसंख्या है। जहां पूर्व सरकार द्वारा संचार क्रांति योजना के तहत मोबाइल देने के बाद तीन तिहाई युवक युवती सहित तमाम वर्ग के लोग ज्यादा से ज्यादा सोशल मीडिया के इस प्लेटफार्म से जुड़कर अपनी अपनी समस्या शासन प्रशासन के अलावा बड़े-बड़े लोगों तक अपनी बात पहुंचा रहे हैं। जिसे काफी गंभीरता से भी लिया जाता है। इसके साथ पक्ष विपक्ष द्वारा भी कभी-कभी इस मंच को कुश्ती का अखाड़ा बना लेते हैं। जहां आलोचनाओं के बाण से एक दूसरे को पटकन भी दिया जाता है । ऐसे में यह प्लेटफार्म पर लोगों का नहीं जुड़ना कांग्रेश के लिए नुकसानदायक हो सकता है। क्योंकि पार्टी कार्यकर्ताओं तक सरकार की गतिविधि के अलावा संदेश भी नहीं पहुंच पाता जिसके चलते प्रचार प्रसार में कमी देखने को मिलता है लेकिन सोचने वाली बात है कि मौजूदा सरकार के सीएम और दिग्गज मंत्रियों की ट्विटर पर फॉलोअर्स आखिरकार क्यों नहीं बढ़ गए हैं।

मंत्री का नाम	विभाग	ट्विटर में फॉलोअर्स संख्या
टी एस सिंह देव	स्वास्थ विभाग अन्य	148 k
उमेश पटेल।	उच्च शिक्षा विभाग अन्य	36.1 k
ताम्रध्वज साहू	गृहमंत्री अन्य	28.2 k
शिव कुमार डहरिया	श्रम मंत्री	13.4 k
प्रेमसाह सिंह टेकाम	शिक्षा मंत्री	10.9 k
गुरु रूद्र कुमार	पीएचई मंत्री	8.890 k
अमरजीत भगत	खाद्य मंत्री	14.5 k

मानाबंद तालाब में महाआरती की गूंज, हजारों महिलाओ ने किया गंगाआरती एवं दीपदान

नवागढ़। दुर्गाष्टमी के दिन श्री शमी गणेश शारदा महामाया पर्यटन समिति एवं नगरवासियों द्वारा पिछले तीन वर्षों की तरह चौथी बार पुनः महाअष्टमी पर्व के अवसर पर नगर के प्राचीन मंदिर में माँ महामाया की आरती के साथ साथ मानाबन्द तालाब प्रांगण में ऐतिहासिक महाआरती,गंगा आरती एवं दीपदान का आयोजन किया गया।जिसमें नगरवासियों के साथ संसदीय सचिव एवं नवागढ़ विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे एवं नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष तिलक घोष भी आरती में शामिल हुए।

नगर में शारदीय नवरात्र में चौथी बार हो रहे इस ऐतिहासिक महाआरती में हजारों की संख्या में नगर के सुकुल पारा,बावा पारा, बीच पारा, देवांगन पारा, मिश्रा पारा, दर्री पारा, बावली पारा,शंकर नगर सहित सभी मुहल्ले की महिलाएं सम्मिलित होकर एक साथ एक स्वर में आरती गुंजायमान होती रही,जिसके साक्षी सभी नगरवासी बने। शारदा मानस मंडली शंकर नगर नवागढ़ ने जसगीत एवं भजन व माता के गीतों से जगराता में रंग जमाया, पश्चयात 6.30 बजते ही मंदिर और तालाब प्रांगण में एक साथ आरती प्रारम्भ हुई, आरती को आचार्य अयोध्या प्रसाद ने स्वर दिया। महाआरती होने के बाद सभी महिलाओं अपने घर से लाए हुए दीपो का मां महामाया और गंगा मैया के चरणों मे दीप दान किया। जलते हुए दिए मानाबन तालाब में ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो आसमानी तारे जमीन पे उतर गए हों।

संसदीय सचिव बंजारे ने कहा कि यह नगर का एक बड़ा धार्मिक आयोजन है जिसमें मुझे बुलाने के लिए मैं समिति का आभारी हूँ। उन्होंने कहा कि धार्मिक व राजनीतिक कार्यक्रम एकदूसरे से अलग है, इस धार्मिक आयोजन में सभी दलों को एकसाथ जोड़ने की पहल की मैं सराहना करता हूँ। मन्दिर परिसर के विकास के लिए यथासंभव प्रयास करूंगा एवं आगे भी जब भी समिति मुझे याद करेगी मैं उपस्थित रहूंगा।

पर्यटन समिति अध्यक्ष विकास दीवान ने उपस्थित लोगो को जानकारी देते हुए कहा कि आज हमारे माँ महामाया माता के आशीर्वाद से नवागढ़ में स्थित माना बंद तालाब प्रांगण जो प्राचीन काल मे गोड़ राजा द्वारा स्थापित है, प्राचीन और नगर की आस्था का बड़ा केंद्र है। जहाँ पिछले वर्षो की भांति इस वर्ष भी अष्टमी पर्व पर नगर की हजारो माताएं बहने दीप लेकर उपस्थित हुए हैं। इस अयोजन इसी तरह निरन्तर आगे भी जारी रखकर भव्यता और भी बड़ानी है।

महिलाओ ने बताया महाआरती को ऐतिहासिक पल

नगर की महिलाए मेधा दीवान,मधु रॉय,अमिता बघेल, शारदा दीवान, अविनाश कौर, कांति सोनकर, सुशीला ध्रुव, सरिता कुम्भकार, बिनो सोनकर आदि का महाआरती के बारे में कहना है कि यह आयोजन वास्तव में ऐतिहासिक है, हमारी बहने एक साथ माता रानी और गंगा मईया की आरती करना सम्भव नही था। इस असम्भव कार्य को पिछले वर्ष नगर प्रधान विकास दीवान ने सम्भव किया,जो समय के भव्यता लेता जा रहा है। उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने महिला शक्ति को एक करने किये लगातार सहयोग किया है।

फसल की क्षति के लिए प्रभावित किसानों के लिए 70 करोड़ 22 लाख रूपए आबंटित

कवर्धा-(नवप्रदेश) । प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा दिसम्बर 2019 से मार्च 2020 तक प्रदेश में बेमौसत बरसात एवं ओलावृष्टि से हुई फसल की क्षति पूर्ति के लिए कबीरधाम जिले के प्रभावित किसानों को तत्काल आर्थिक अनुदान सहायता उपलब्ध कराने के लिए 74 करोड़ रूपए आंबटित कर दिया गया है। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने कबीरधाम जिले के कवर्धा, सहसपुर लोहारा, बोडला और पंडरिया तहसील के बेमौसम बारिश और ओला वृष्टि से प्रभावितों को आर्थिक अनुदान सहयता उपलब्ध कराने के लिए 70 करोड़ रूपए की पहली किस्त आबंटित कर दी है। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि राज्य आपदा मोचन निधि मद से दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत के अंतर्गत जिले के 74 करोड़ रूपए प्राप्त हुए है।

प्रदेश में महिला स्व सहायता समूहों की बहनों की आर्थिक स्थिति दयनीय : सरिता वर्मा

अर्जुन। कहते हैं कि घर की महिला अगर शिक्षित होती है तो पूरे परिवार की महिलाएं शिक्षित हो जाती है और परिवार जब शिक्षित होती है तो पड़ोसी शिक्षित हो जाती है और इससे प्रेरित होकर पूरे गांव शिक्षित हो जाती है यह कहना है महिला कांग्रेस के महिला प्रदेश सचिव सरिता वर्मा का ! उक्त जारी विज्ञप्ति में कहा कि किसी भी गांव शहर या प्रदेश में महिलाओं को आगे बढ़ाने में सरकार मदद करती है तो उस गांव शहर या प्रदेश को आर्थिक रूप से आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता ! इसी कड़ी में वर्मा ने कहा कि गांव गांव शहर शहर एवं प्रदेश में हजारों महिला स्व सहायता समूह पंजीकृत है लेकिन विगत 15 वर्षो से भाजपा शासनकाल में इन समूहों के महिला बहनों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया यही कारण है कि प्रदेश में महिला स्व सहायता समूहों की बहनों की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब एवं दयनीय है !

श्रीमती वर्मा ने अपने विज्ञप्ति में बताया कि अभी छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी गोधन योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए गौठानो में गोबर खरीदी के साथ ही महिला स्व सहायता समूहों को वर्मी खाद उत्पादन का प्रशिक्षण देकर आर्थिक रूप से संपन्न बनाने का महत्वपूर्ण कार्य कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी को पत्र लिखकर बधाई एवं आभार व्यक्त करते हुए मांग किया कि पूरे प्रदेश में वर्मी कंपोस्ट उत्पादन के साथ-साथ मशरूम उत्पादन मुर्गी पालन मछली पालन पापड़ अचार अगरबत्ती एवं दोना पत्तल आदि बनाने का प्रशिक्षण महिला स्व सहायता समूह को देकर आर्थिक रूप से संपन्न बनाने में सहयोग करने की निवेदन किया है।

वाहन की ठोकर से बाइक सवार मृत

महासमुंद। छोटा हाथी की ठोकर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज हेतु रायपुर ले जाते समय उनकी मौत हो गई। सांकरा पुलिस के अनुसार उमेश बेटकर पिता वरुण बेटकर (26) गणेशपुर थाना बसना निवासी बाइक क्रमांक सीजी 06 जीबी 6437 में सवार होकर गणेशपुर से अपनी मौसी की बेटी का जन्मदिन मनाने नरधा जा रहा था। इसी बीच सलडीह की ओर आ रहा छोटा हाथी सीजी 06 जीएच 0637 के चालक ने तेज रफ्तार लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए युवक की बाइक को सामने से ठोकर मार दी जिससे युवक के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें 108 की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना लाया गया। उनकी स्थिति गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने रायपुर रेफर कर दिया। रायपुर ले जाते वक्त भगतदेवरी के पास युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

इमलीभाठा से सटोरिया गिरफ्तार

महासमुंद। शहर के इमलीभाठा में सट्टा खिलाते हुए पुलिस ने एक सटोरिए को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक बढ़ईपारा निवासी मनहरण ध्रुव (48) रुपए का दांव लगाकर सट्टा खिला रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे पकड़ा और उसके पास से 3 सौ रुपए एक पेन जब्त कर 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की।

3 लीटर महुआ शराब बरामद

महासमुंद। बसना पुलिस ने अवैध रुप से महुआ शराब की बिक्री करते हुए एक युवक को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि भंवरपुर निवासी सूरज दास मानिकपुरी (25) को हरदा नवागांव चौक मेन रोड में महुआ शराब बेचते हुए पकड़ा। आरोपी से पुलिस ने तीन लीटर महुआ शराब कीमती 6 सौ रुपए जब्त कर आबकारी एक्ट 34 (ए) के तहत कार्रवाई की।

नदी में डूबे बालक की मौत

महासमुंद। विगत 29 सितंबर को सांकरा जोक नदी में डूबे बालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। नन्हा अग्रवाल पिता खेमराज (8)को सांकरा जोक नदी में डूबने के बाद उपचार के लिए पिथौरा सीएचसी में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

शराब बेचते वृद्ध पकड़ाया

महासमुंद। ग्राम बेलसोंडा के मुख्यमार्ग स्थित स्टेडियम के पास शराब बेचते हुए एक वृद्ध को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक पवन कुमार धीवर (63) को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध रुप से शराब बेचते हुए पकड़ा। आरोपी से 3.540 लीटर देशी प्लेन शराब कीमती 1440 रुपए जब्त कर आबकारी एक्ट 34 (ए) के तहत कार्रवाई की।

विजयादशमी पर्व मनाने के पश्चात माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

कवर्धा-(नवप्रदेश) । नगर पिपरिया मे नव दिन नवरात्रि पर्व बहुत ही भक्ति.भाव के साथ मनाया गया। 26 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व मनाने के पश्चात माँ दुर्गाजी की प्रतिमाओ को बड़े श्रद्धा .भाव से बाजे. गाजे भजन. कीर्तन के साथ नगर भ्रमण कराते हुए सकरी नदी में विसर्जन किया है जिसे दर्शन करने काफी संख्या में श्रद्धालु लोग उपस्थित थे । इस वर्ष नवरात्रि पर्व में वैश्वीक महामारी करोना संकट के चलते लोगो द्वारा बहुत सावधानी बरती गई ।

राजमाता रानी साहिबा शशिप्रभा देवी के निधन पर डॉ रमन सिंह ने शोक व्यक्त किया

कवर्धा-(नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा डॉ रमन सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कवर्धा राज परिवार की राजमाता एवं पूर्व विधायक श्रीमती शशि प्रभा देवी के आकस्मिक निधन का समाचार बेहद दुरूखद है। उनके साथ मेरे स्नेहपूर्ण व पारिवारिक संबंध रहे हैं। पूरे जीवन वह जनसेवा के कार्य करती रहीं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दें और शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करें।

नाबालिग से छेड़खानी करने वाले 05 आरोपियों को कुकदुर पुलिस ने धर दबोचा

कवर्धा। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक श्री शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिया गया है, कि थाना क्षेत्र में किसी भी महिला से संबंधित अपराध यदि थाने में दर्ज होते हैं तो तत्काल आरोपियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही करें। पुलिस अधीक्षक श्री शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार सोनी तथा अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया श्री एन. के. बेंताल के मार्गदर्शन में थाना कुकदूर के अपराध कमांक 109/2020 धारा 354 , 354 (क) , 354 (ख) , 354 (घ) , 341 , 506. 149 , 323 भादवि , 8 पॉक्सो एक्ट व 3 (1) (2) (द्वद्व) . 3 (2) (1) एक्ट्रो. एक्ट के मामले में ग्राम पोलमी थाना कुकदूर में दिनांक 24.10.2020 को रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम देख कर प्रातः 04 बजे वापस अपने घर लौटते समय आरोपीगणों द्वारा रास्ता रोककर बुरी नियत से एक राय होकर 06 नाबालिक बालिकाओं के साथ छेडछाड़ किया गया, जिसकी सूचना प्राप्त होते ही मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को धर दबोचा जिसमें 01 विधि विरुध संघर्षरत् बालक सहित 04 अन्य आरोपियों 01 मनोहर परस्ते पिता जैन सिंह परस्ते उम्र 18 वर्ष 06 माह सा. पुटपुटा , हाल पोलमी भंगीटोला थाना कुकदूर, 02.विनोद यादव पिता शिवकुमार यादव उम्र 28 वर्ष सा. पोलमी भंगीटोला थाना कुकदूर जिला कबीरधाम , 03.उमेश यादव पिता संतुराम यादव उम्र 30 वर्ष साकिन भंगीटोला पोलमी थाना कुकदूर जिला कबीरधाम , 04.संजु गढ़ेवाल पिता द्वारपाल गढ़ेवाल उम्र 20 वर्ष ग्राम पोलमी भंगीटोला थाना कुकदूर जिला कबीरधाम को घटना के 24 घंटे के भीतर त्वरित पतासाजी कर आज दिनांक 26.10.2020 को गिरफ्तार किया।

बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्रामीण अंचल में लाखों रुपये के पहुंच मार्गो का किया भूमिपूजन

साजा। विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा के समूचित विकास हेतु कृत संकल्पित होकर जुटे हुए है, बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण अंचलों की मुख्य मार्गो, स्कूल पहुँच मार्ग निर्माण, आंगनबाड़ी पहुँच मार्ग कार्य विधायक आशीष छाबड़ा की अनुसंसा पर लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत ग्रामीण अंचलों में विभिन्न पहुँच मार्गो का विधायक आशीष छाबड़ा ने भूमि पूजन किया। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि पूरे प्रदेश में यसस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शासकीय स्कूल, आगनबाड़ी, अस्पताल, पँचायत भवन पहुँच मार्गो के नाम से मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना कि शुरुवात किया है, जिसका लाभ बेमेतरा विधानसभा क्षेत्रवासियों को मिल रहा हैं। शासकीय स्कूल, आगनबाड़ी में जाते समय कीचड़ से गुजर के जाना पड़ता था, लेकिन प्रदेश मुखिया ने इस समस्या को समझते देखते हुए इसके निदान हेतु तत्काल मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना की शुरुवात किया, जिसका लाभ बेमेतरा विधानसभा क्षेत्रवासियों को मिल रहा हैं। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा ने बेमेतरा ब्लाक के ग्राम पँचायत मटका पहुच सुगम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत राष्ट्रीय राज्य मार्ग क्र.30 से मटका पहुच मार्ग से आगनबाड़ी एव ग्राम पँचायत भवन पहुँच मार्ग निर्माण कार्य राशि 19 लाख 93 हजार एवं राष्ट्रीय राज्य मार्ग क्र.30 से मटका पहुच मार्ग से प्रा.शाला एवं पूर्व मा.शाला पहुच मार्ग निर्माण कार्य राशि 19 लाख 98 हजार का विधि विधान से भूमि पूजन किये।

महादेव घाट सहित अनेक स्थानों में देवी प्रतिमा विसर्जन किया गया

रायपुर शहर के अनेक स्थानों में जंवारा विसर्जन झांकी निकाली गई

हाथी को बिना नुकसान पहुंचाए भानुप्रातपपुर के जंगल ले जाने का प्रयास, लेकिन वहां के ग्रामीण करते हैं पत्थरबाजी : डीएफओ

डौंडी। जिले के जंगल में पहुंचे चंदा हाथिनी के साथ 22 हाथियों के दल ने शुक्रवार को फिर बस्तर के भानुप्रातपपुर जंगल में प्रवेश किया। लेकिन रात 7 बजे करीब भानुप्रतापपुर वन क्षेत्र से लगे गांव के ग्रामीणों ने उन पर फिर पत्थर बरसा दिया। मशाल एवं टार्च जलाकर कर हाथियों को वापस बालोद जिले की वन क्षेत्र सीमा रजोलीडीह जंगल भेज दिया। दोबारा इस तरह की हरकत से बालोद वन विभाग की डीएफओ ने भानुप्रतापपुर वन क्षेत्र में हाथियों पर हो रहे अत्याचार की शिकायत सीसीएफ से की है।

डीएफओ ने कहा कि हाथी को बिना नुकसान पहुंचाए जिले से बाहर भानुप्रातपपुर के जंगल जाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन वहां के ग्रामीण पत्थरबाजी करते हैं। पटाखे फोड़ते हैं। टार्च एवं मशाल जलाने लगते हैं। जो गलत है। अब भानुप्रतापपुर डीएफओ व बालोद डीएफओ आमने-सामने हो गए हैं। एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। इस घटना की जानकारी वन विभाग मुख्यालय रायपुर तक पहुंच गई है।

बालोद वन अमले ने रोका हाथियों का रास्ता

भानुप्रतापपुर डीएफओ मनीष कश्यप ने कहा कि हम अपने वन क्षेत्र से लगे ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन वन विभाग बालोद ने कोरर जंगल के पास पुलिया पर मशाल जला कर अपनी टीम की तैनाती कर दी है। जबकी हाथियों का दल कोरर जंगल जाना चाह रहे है। हम भी खुद चाहते हैं कि हाथी अपने रास्ते चले जाएं। रास्ते पर वन विभाग बालोद के कर्मचारी बैठ गए हैं। इस वजह से हाथी गांव में घुस गए थे, जिसे भगाने गांव वालों ने पटाखे फोड़े, डमरू बजाए व कुछ जगहों पर पत्थरबाजी की भी शिकायत मिली है। हम ग्रामीणों को समझा भी रहे हैं कि हाथियों के साथ छेडख़ानी न करें

दिनभर नहीं मिली हाथियों की खबर

शुक्रवार रात्रि हाथियों का दल वापस आने के बाद शनिवार को दिनभर दल की खबर नहीं मिली। डौंडी वन परिक्षेत्र रेंजर पुष्पेंद्र साहू ने बताया कि शुक्रवार को दल रजोलीडीह के जंगल में था, लेकिन शनिवार से उनकी खबर नहीं है। अंदेशा है कि वह रजोलीडीह के जंगल में ही होंगे। इधर वन विभाग के अमले ने ग्रामीणों को भी अलर्ट कर दिया है। उन्हें हाथियों से छेडख़ानी नहीं करने की सलाह दी है।

वन कर्मियों को वापस बुलाया

बालोद डीएफओ सतोविशा समाजदार ने कहा कि गरियाबंद से धमतरी होते हुए हाथी बालोद जिला में प्रवेश किया। गुरुर वन क्षेत्र से होते हुए डौंडी वन क्षेत्र तक बिना किसी परेशानी के सफर किया। जब भानुप्रतापपुर के रास्ते में जाने का प्रयास करते हैं तो वहां के ग्रमीणों ने हाथियों पर पत्थरबाजी व पटाखे फोड़कर वापस बालोद जिले की ओर खदेड़ देते हैं। हमने इसकी जानकारी भी सीसीएफ को दे दी है। भानुप्रतापपुर वन विभाग हमारे ही वन कर्मियों पर दोषारोपण कर रहा है। जिसके बाद हमने अपने सभी वन कर्मियों को रजोलीडीह वापस बुला लिया है।

अब डर कहीं हाथियों को न आ जाए गुस्सा

हाथी शांत स्वभाव के हैं। यही वजह है कि इस दल पर ग्रामीण पत्थरबाजी व छेडख़ानी कर रहे हैं। बार-बार हो रही पत्थरबाजी से हाथियों को गुस्सा न आ जाए। डर भी है कि गुस्से में आने से बड़ी घटना घट सकती है। लेकिन यह बात ग्रामीण नहीं समझ रहे है।

दो बार हो चुकी है पत्थरबाजी की घटना

वन विभाग के मुताबिक तीन दिन पहले भी हाथियों दल इरागांव के पास पहाड़ पर चढऩे का प्रयास किया, लेकिन भानुप्रतापपुर की सीमा से लगे गांव के ग्रामीणों ने पत्थर बाजी कर दी। यही घटना शुक्रवार शाम 7 बजे हुई। इस बार हाथी पहाड़ को पार कर भानुप्रतापपुर के एरिया में प्रवेश कर चुके थे। पत्थरबाजी, मशाल जलाने के कारण रात्रि 9 बजे के करीब रजोलीडीह के जंगल में आ गए, जो अभी भी वहीं पर मौजूद है।

पहाड़ पार कर ग्रामीण इलाके में घुस रहे हाथी

भानुप्रतापपुर के डीएफओ ने कहा कि भानुप्रतापपुर के जंगल से लगे ग्रामीणों को निर्देश है कि हाथियों से छेडख़ानी न करें। शुक्रवार को इरागांव की बस्ती में घुस गए थे। इस वजह से ग्रामीण घबरा गए। पत्थरबाजी व डमरू बजाने लगे। हालांकि वन विभाग बालोद भी जिस रास्ते पर हाथी जाना चाहता है, वहां पर अपने कर्मचारी तैनात कर दिए है। हाथी पहाड़ पार कर ग्रामीण इलाके में घुस रहे हैं। दरअसल हाथियों का दल कोरर के जंगल मार्ग की ओर जाना चाह रहे हैं। जानकारी विभाग के उच्च अधिकारी को भी दे दी है।

डीएफओ ने कहा-हाथी हमारे जंगल में ही रहे तो मंजूर है

डीएफओ सतोविशा समाजदार ने कहा कि हाथियों के दल ने गुरुर ब्लॉक से डौंडी ब्लॉक तक सफर कर लिया, लेकिन किसी भी प्रकार का बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया। उनके रास्ते में खेत आए तो फसल को नुकसान हुआ है, जिसका चिन्हांकन कार्य अंतिम चरण में है। प्रभावित किसानों को मुआवजा मिलेगा। भानुप्रतापपुर से हाथियों को खदेड़ा जा रहा है। वापस बालोद जिले के जंगल में हाथियों का दल है, हमे इससे कोई आपत्ति नहीं है।

पढ़ाई तुंहर द्वार से आक्रोशित छात्र छात्राएं कर रहे हैं विरोध

गरियाबंद। पढ़ाई तुंहर द्वार का पालन किस हद तक सफल है ,इसका सही मायने में कितना उपयोग छात्र छात्रायें कर रहे हैं जब हमने इस विषय पर चर्चा की तब अधिकतर लोगों ने जवाब में कहा कि इस वर्ष जिन छात्र छात्राओं ने स्कूल से काफी दूर जँहा नेटवर्क भी उनके लिये दुर्लभ है ।आए दिन यह खबर की जो असाइनमेंट पुरा नही करते उसकी जबाबदारी छात्र ह्रछात्रायें खुद ही रहेंगे। छात्र छात्राओं में चिंता व्याप्त है । कि कंही हमारे इस वर्ष की पढ़ाई व्यर्थ न हो जाये अपनी समस्या पत्रकारों के माध्यम से सरकार तक रखना चाहते हैं कि जंहा हर विभाग खुल चुका है कोरोना से भय कम हो चुका है केवल शिक्षा का द्वार क्यों बंद हैं ? या सरकार विद्यार्थियों को शिक्षा और संस्कृति से कोषों दूर रखना चाहती है,किसी अंतरराष्ट्रीय षडयंत्र की ओर ध्यान आकर्षित करती है । विगत माह मार्च से अब तक स्कूलों का बंद होना भारत को शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों से दूर करने की कोशिश को दर्शाता है । सरकार को चाहिए कि वो छात्र छात्राओ को उनके अधिकारों से वंचित न कर दूरस्थ क्षेत्रों के कि विद्यार्थियों के लिए सूचनाएं प्रेषित करने हेतू कोई सरलतम मार्ग अपनाये ताकि किसी विद्यार्थी का वर्ष खराब न हो।एवं इस प्रकार की आदेशों से विद्यार्थियों को न डराएं।

ग्राम कोपेकसा में 1 लाख रुपये की देवगुड़ी निर्माण कार्य स्विकृत

गरियाबंद। अनुसूचित जनजाति के श्रद्धा पूजा स्थल देवगुड़ी के परिक्षण एवं विकास मद में स्वीकृत,देवगुड़ी निर्माण के लिए ग्राम पंचायत कोपेकसा का भूमि पूजन जनपद पंचायत सभापति वीरेन्द्र कुमार ठाकुर द्वारा किया गया । देवगुड़ी के लिए ग्राम वासियों द्वारा विगत कई वर्षो से देवगुडी निर्माण की मांग की जा रही थी । किंतु लगातार मांग करने के बावजूद इस पर कभी विचार नही किया गया था।सभपति के लगातार प्रयासों से देवगुडी निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई, जिसके लिए समस्त ग्राम वासियों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया । भूमि पूजन में सरपंच - पंच तथा ग्राम पटेल के साथ समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

खेल गढ़िया राशि का सदुपयोग या कुछ और... ?

गरियाबंद। जिला अन्तर्गत मैनपुर विकासखंड मुख्यालय में गौरघाट में प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालय की दीवार की रंगीन चित्र देख कुछ संदेह प्रतीत होता है, कि पूरे दीवार पर लगभग 25 से 30 चित्रों की पेंटिंग सजावट की गई है वो भी स्कूल के बाहरी दीवार पर ? जबकि भीतर की दीवारों पर चुना भी नहीं पुताया गया है और जर्जर हालात में दिख रहे हैं ।

और बाहरी दिखावटी पेंटिंग से बच्चों का ध्यान आकर्षित करने जैसी कोई बात नहीं दिखती है । जितना बाहरी पेंटिंग दिखाकर राहगीर या उच्च कोटि के अधिकारियों को रिझाने का काम किया गया है । उतना ही भीतर के दीवार को यदि सुंदरता दी जाती तो शायद बच्चों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनता और बच्चों को इन चित्रों से सिख भी मिल पाती । बच्चे अपना समय स्कूल के भीतर ज्यादा बिताते हैं ।

जो राशि इस बाहरी पेंटिंग की सराहना के लिए बना दिया गया है, उसी राशि को अगर बच्चों के खेलने की सामग्री में लगाते तो शायद बातें हज़म हो भी जाती ।

खेलगढ़िया की राशि का सदुयोग नहीं......?

सभी विकासखण्डों में केवल टी,वी,का माज़रा समझ से परे है ? फिर से अवचित्य प्रमाण पत्र क्यों..? आखिर कब तक सूलझेगी ये पहेली, खेलगढिया की राशि का दुरुपयोग या कुछ और....?

इस मामले को लेकर खुद शिक्षक परेशान हो चुके हैं । किन्तु उच्च स्तर के अधिकारी के निर्देश,आदेश,बार बार जांच प्रकिया, कुछ हजम सा नहीं हो रहा । पहले 2018/19 में इसी मामले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद द्वारा चार लोगों की जांच समिति गठित की जाती है ।

जिसमे प्रधान पाठकों के बयान से लेकर जांच के सारे तथ्य सामने रखे भी जाते हैं । पर ना जाने क्यों पहले जिस जांच समिति की ओर से जांच कि फाइल जिला शिक्षा अधिकारी के टेबल पर रखी जाती है ।

और कार्यवाही को लेकर अपर कलेक्टर तक इसे भेजा भी जाता है । किंतु अचानक उस फाइल को दरकिनार करके फिर से एक नया जांच समिति गठन किया जाता है ।

सोचने का विषय यह है कि क्या पहले जिस जांच समिति द्वारा जिन तथ्यों को सामने लाया गया था वह असत्य था ? या फिर जो बयान दिए गए थे वह झूठे थे ? या यह कहना लाजमी होगा कि कुछ ऐसे तथ्य हैं जिन्हें छुपाने का प्रयास करते हुए नए जांच समिति का गठन करते हुए 5 बिंदुओं पर मौखिक जांच प्रतिवेदन बनाने का फिर से अवचित्य प्रमाण पत्र बनाने उक्त अधिकारी द्वारा कहा जाता है । जिस से त्रस्त होकर शिक्षकों द्वारा अपर कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी मैनपुर को ज्ञापन तक सौंपा जाता है ।

आखिर क्या है यह मामला कौन है इस पर्दे के पीछे यह जानना बाकी है ?

रावन के बंधवा तालाब में जोत जवारा विसर्जन किया

नवप्रदेश संवादाता

अर्जुनी। नव दिनों तक चलने वाली नवरात्र जो रविवार को संपन्न हुए। भक्तो ने देवी आराधना, उपासना व्रत, धारण, साधना करके 9 दिनों तक पूरी विधि विधान से पूजन कर शक्ति अर्जन किए ।अर्जुनी के काली मंदिर,महामाया मंदिर,गायत्री मंदिर,शीतला माता मंदिर व प्रमुख मंदिरों में हवन पूजन किया गया।

वंही ग्राम रावन के स्थानीय जय महामाया शक्तिपीठ, शीतला, काली मंदिर, दुर्गा मंदिर अर्ध रात्रि को विसर्जन, सुबह से ही जय महामाया ,सेवा समितियां, श्रीराम सेवा जस गीत झांझ, मंजीरा, मांदर की धुन में सेऊक सहित गौरव ग्राम रावन के सबसे बड़ी बंधवा तालाब में जोत जवारा सादगी पूर्ण विसर्जन किया गया। और दुर्गा माता के प्रतिमा का आज विसर्जन किया जाएगा।

सिरीयस मरीजों का उत्कृष्ट ईलाज (उचित दरों में), सर्वसुविधायुक्त आईसीयू आधुनिक ऑपरेशन थियेटर सभी प्रकार की जांच सुविधा

बांठिया हॉस्पिटल

कोविड मरीजों के ईलाज के लिए अलग व्यवस्था

100 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल

24 घंटे उपलब्ध सुविधाएं

राजा तालाब रोड, रायपुर, फोन : 0771-2425009, 2424737